उत्तर भारतीय

आन्ध्र–तैलंग–भट्ट–गोस्वामी

वंशवृक्ष

संकलन-सम्पादक :

बालकृष्ण राव



उत्तर भारतीय आन्ध्र–तैलंग–भट्ट–गोस्वामी

वंशवृक्ष

सर्वाधिकार सुरक्षित © सम्पादक–बालकृष्णराव

नवीन संस्करण सम्वत् 2069 सन् 2012

मूल्य रू. 200/– (दौ सौ रूपये)

कम्प्यूटर डिजाईन एवं मुद्रक :

रेही कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स

340, कृष्ण भवन, चांदी की टकसाल, जयपुर (राज.)

मोबाइल : **098292 91194**

सम्पादक एवं प्रकाशक :

बालकृष्ण राव

24, महावीर कॉलोनी, करतारपुरा, जयपुर (राज.)

दूरभाष : **0141-2501693**

पुस्तक प्राप्ति स्थल :

भानुस्वरूप गोस्वामी

13, गायत्री नगर, सोडाला, जयपुर -6 (राज.)

दूरभाष : **0141-2450971** मोबाइल : **09414440997**

यदुनाथ भट्ट

54/151, देवर्षि सदन, पंचवटी मार्ग, मानसरोवर, जयपुर -20 (राज.)

दूरभाष : **0141-2784689** मोबाइल : **09414770324**

समर्पण

श्री कंठमणिजी शास्त्री

श्री गोकुलानन्दजी तैलंग

परम आदरणीय **श्री कंठमणि शास्त्री** एवं **श्री गोकुलानन्द तैलंग**
जो आज से लगभग सत्तर वर्ष पूर्व उत्तर भारत में निवसित तैलंग-भट्ट-गोस्वामी समाज के वंशवृक्ष के प्रणेता रहे, उन्हें शतशः नमन करते हुए तैलंग कुलम् के समस्त सदस्यों एवं स्वयं के द्वारा वर्तमान **वंशवृक्ष** सादर समर्पित है।

बालकृष्ण राव

उत्तर भारतीय

आन्ध्र–तैलंग–भट्ट–गोस्वामी

वंशवृक्ष

सौजन्य एवं सहयोग

तैलंग–कुलम्

अनुक्रमणिका

क्रमसं.	विषय	पृष्ठ सं.
1 .	पुरोवाक्	1
2 .	प्रस्तावना	3
3 .	परिशिष्ट–1	22
4 .	परिशिष्ट–2	38
5 .	परिशिष्ट–3	40
6 .	परिशिष्ट–4	54
7 .	भारद्वाज गोत्र के परिवारों का वंशवृक्ष	55
8 .	आत्रेय गोत्र के परिवारों का वंशवृक्ष	67
9 .	गौतम गोत्र के परिवारों का वंशवृक्ष	83
10.	श्रीवत्स गोत्र के परिवारों का वंशवृक्ष	95
11.	कौंडिन्य गोत्र के परिवारों का वंशवृक्ष	101
12.	मुद्गल गोत्र के परिवारों का वंशवृक्ष	107
13.	कश्यप गोत्र के परिवारों का वंशवृक्ष	114
14.	लोहित गोत्र के परिवारों का वंशवृक्ष	119
15.	कौशिक गोत्र के परिवारों का वंशवृक्ष	120
16.	बापूलस गोत्र के परिवारों का वंशवृक्ष	121
17.	हरतस गोत्र के परिवारों का वंशवृक्ष	122
18.	शांडिल्य गोत्र के परिवारों का वंशवृक्ष	123

पुरोवाक्

यह तथ्य तो विश्व में सुविदित है कि विश्वभर में जितने भी ब्राह्मण वर्ण के परिवार हैं वे 49 और 8 ऋषियों से उत्पन्न हैं। उनका इतिहास सहस्राब्दियों का है यह भी इससे स्पष्ट हो जाता है। हजारों वर्षों से ऋषियों की ये सन्तानें भारतीय मनीषा का संधारण कर रही हैं, साथ ही अपने पूर्वजों के इतिहास का भी संरक्षण कर रही हैं। जिन ऋषियों की ये सन्तान हैं उनका नाम गोत्र प्रवर्तक ऋषियों के रूप में ये याद रखती हैं और अपने आपको उनके गोत्र का उत्तराधिकारी बतलाती हैं। गोत्र के बारे में यह उक्ति प्रसिद्ध है – **"गोत्रं द्विधा, जन्मना विद्यया च।"** अर्थात् विप्र वर्ण का जो वर्ग अपने आपको आत्रेय गोत्र का कहता है वह या तो अत्रिऋषि की सन्तान परम्परा से पैदा हुआ है या शिष्य परम्परा से। प्रत्येक ब्राह्मण अपना गोत्र याद रखता है, उस गोत्र में जो प्रमुख प्रसिद्ध ऋषि हुऐ हैं उन्हें **"प्रवर"** नाम से याद रखता है। यह उसे हजारों वर्षों के इतिहास से सीधा जोड़ देता है।

इस प्रकार प्रत्येक विप्र वेद की उस शिखा का नाम भी अपने साथ जुड़ा रखता है जिसका अध्ययन हजारों वर्षों से उसके पूर्वजों द्वारा धर्मकृत्य के रूप में विहित किया गया था। यह इतिहास भी प्रसिद्ध है कि वेदों को, जिन्हें विश्वभर में मानव के पुस्तकालय की सर्वप्रथम पुस्तक के रूप में स्वीकार किया गया है, हजारों वर्षों से वंश परम्परा से विप्र वर्ग पढ़ता और याद रखता रहा है। इसलिए प्रत्येक विप्र का एक गोत्र होता है, तीन या पाँच प्रवर होते हैं, वेद की एक शाखा उससे जुड़ी होती है। बहुधा उस वंश विशेष की उप जाति का या वर्ग का भी अलग नाम होता है जिसे **"अल्ल"** अवटंक या सरनामा कहते हैं। विप्र लोग उस धर्मसूत्र और गृह्यसूत्र का नाम भी याद रखते हैं जिससे उनके विवाहादि संस्कार होते हैं। इन सबसे ही उनका इतिहास सहस्राब्दियों से अक्षुण्ण बना हुआ है।

जिन देशों या भूभागों में ये ब्राह्मण रहते थे उनके नाम से उनकी पहचान अलग बनी हुई है। तभी दक्षिण भारत के पंच द्रविड, उत्तर भारत के पंच गौड़, पश्चिम भारत के पंच गुर्जर इस प्रकार के उपभेद भी वर्षों से प्रसिद्ध हैं। ब्राह्मणों के इस इतिहास पर पिछली पाँच छह शताब्दियों से अनेक ग्रन्थ लिखे भी जा चुके हैं – ब्राह्मण निर्णय, ब्राह्मण दर्पण, ब्राह्मणोत्पत्तिदर्पण, ब्राह्मणउत्तरमार्तण्ड आदि नामों से। पंच द्रविडों में तैलंग (आन्ध्र) नाम के जो ब्राह्मण हैं व भी दो प्रकार के हैं, एक तो वे जो आन्ध्र प्रदेश में रहते हैं, दूसरे वे जो वहाँ से प्रवास कर उत्तर भारत में आ बसे हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि उनमें से अधिकांश का शताब्दियों का इतिहास सुरक्षित है। या तो संस्कृत के वंश वर्णन काव्यों में या पट्टों–परवानों में। इसका महत्त्व इस दृष्टि से बहुत अधिक है कि प्राचीन इतिहास को ये लोग जीवन्त रखे हुए हैं।

उत्तरदेशस्थ आन्ध्र विप्र अधिकतर तो वल्लभाचार्यजी के परिवार के दक्षिण भारत से उत्तर भारत में आ बसने के क्रम में उनके साथयहाँ आ बसे थे जिनमें से प्राय: प्रत्येक परिवार में विद्वान, उपदेशक, कवि, लेखक आदि रहे हैं। संस्कृत के दिग्गज विद्वान जगन्नाथ पंडितराज, हिन्दी के महाकवि श्रीकृष्णभट्ट कविकलानिधि या पद्माकर देशभर में प्रसिद्ध हैं। इस प्रकार सभी तैलंग परिवारों के वंशों के इतिहास के अभिलेखन के प्रयास भी पिछली सदी में होते रहे हैं। एक प्रयास कांकरोली (राजसमन्द, राजस्थान) से स्व. पं. कंठमणि शास्त्री और गोकुलानन्द तैलंग द्वारा

क्रमश:

सम्पादित वंशवृक्ष द्वारा किया गया था, फिर "**संस्कृत कल्पतरु**" नाम के ग्रन्थ में स्व. धनश्याम गोस्वामी (महापुरा) ने कुछ परिवारों का अभिलेख छापा था। इन सबको इतना समय बीत गया कि उन ग्रन्थों की प्रतियाँ भी समाप्त हो गई और पिछले छह दशकों में नई पीढ़ी के अनेक बालक भी पैदा हो गए जिनका अभिलेख उनमें कहीं नहीं है।

यह प्रसन्नता की बात है कि जयपुर में बसे हुए ऐसे प्रवासी आन्ध्र परिवार के कुछ उद्यमी बन्धुओं में यह जागृति आई कि ऐसे परिवारों का अभिलेख पुनः सुरक्षित और अद्यावधि नवीनीकृत किया जाए। इसी क्रम में जयपुर के **श्रीबालकृष्णराव** ने जो संस्कृति सम्बन्धी अनेक ग्रन्थों के लेखक हैं, ऐसे परिवारों के वंशवृक्षों को अद्यावधिकर उनकी पृष्ठभूमि की जानकारी देने वाली भूमिका सहित प्रकाशित करने का बीड़ा उठाया है यह भी अत्यन्त हर्षप्रद है। यह ग्रन्थ आपके हाथों में है। इसे परिशोधित और अद्यतनकृत कर सुरक्षित रखने में सहयोग करना हम सबका कर्तव्य है यह आपका हृदय अवश्य कहेगा। इसी उद्देश्य से यह प्रसारित किया जा रहा है कि यह क्रम जारी रहे और हमारी जागृति भी बनी रहे।

देवर्षि कलानाथ शास्त्री
(राष्ट्रपति सम्मानित)
अध्यक्ष–आधुनिक संस्कृत पीठ, ज. रा. रा. संस्कृत विश्वविद्यालय,
प्रधान सम्पादक– "भारती" संस्कृत मासिक पत्र,
भूतपूर्व अध्यक्ष–राजस्थान संस्कृत अकादमी
निदेशक– संस्कृत शिक्षा एवं भाषा विभाग (राजस्थान सरकार)

सी/8, पृथ्वीराज मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

प्रस्तावना



यदि आप अपने भूतकाल को अपने स्मृति पटल पर रखकर आगे बढ़ने की कामना करते है तो सबसे पहले जरूरत इस बात की है कि आप अपने अतीत को पहचानें, उसके बारे में सम्भावित अधिकतम जानकारी आपके पास हो। इसके लिए एकजुट भावना से काम करना अपेक्षित है। सुविधा और कर्तव्य के क्षेत्र में हम सब बराबरी के भागीदार बनकर अपना कर्तव्य बोध सामने रखें। आपके पूर्वज स्वयं गुणी थे तथा साथ ही गुणग्राही भी थे। उनके बारे में जानना आज हमारी आवश्यकता है। इस लक्ष्य का पहला चरण तैलंग–भट्ट–गोस्वामी समुदाय की वंशावली का अद्यतन प्रकाशन है।

तैलंग–भट्ट–गोस्वामी समुदाय की नामावली तो पूर्व प्रकाशित वंशवृक्ष भाग दो, जो पूज्य **श्रीकण्ठमणि शास्त्री** एवं **श्रीगोकुलानन्द तैलंग** द्वारा सम्पादित–विरचित है, से ली गयी है। गोस्वामी, देवर्षि, चक्रवर्ती, पोतकूर्चि, करंजी, कवीश्वर आदि शब्द तो कुल बोधक हैं, जो जाति विशेष को प्रतिपादित नहीं करते हैं। भौगोलिक अधिष्ठान के अनुसार आज तैलंगाना प्रदेश वर्तमान आन्ध्र प्रदेश का पूर्वी भाग एवं मध्यवर्ती भाग को जाना जाता है, परन्तु तैलंग–भट्ट जाति समुदाय के लिए तैलंग देश का व्यवहृत स्वरूप जो बतलाया गया है, वह है उत्कल का दक्षिण भाग, तमिलनाडु का उत्तरी छोर, कर्नाटक का पूर्व–उत्तर तथा आन्ध्र में श्रीशैलम से चोला स्थान के मध्य का भाग तैलंग प्रदेश के नाम से उपख्यात है।

तैलंग–भट्ट–गोस्वामी समुदाय का निर्माण आन्ध्र प्रदेश में विभिन्न वर्गी ब्राह्मणों से हुआ, वेलनाडी अर्थात परदेसी ब्राह्मण जो बाहर से आये और तैलंग देश में आकर बसे। दूसरा वर्ग वेगीनाडू, जिनके निवास ग्राम जल गये वे तैलंग देश में आकर बसे। "**वेगी**" दग्ध होने को कहते हैं। तीसरा वर्ग वह है जिनके स्वदेशाधिपति मर जाने के कारण, अत्याचार व अनाचार के भय के कारण तैलंग देश में आकर बसे, वे मुर्कीनाडू कहलाये। उपरोक्त तीनों प्रकार के ब्राह्मण कर्म–कर्मा नाम से जाने गये, अर्थात् ये कर्म करने में कुशल थे। यही कारण है कि रक्तबीज के कारण तैलंग–भट्ट–गोस्वामी समुदाय में कर्म की प्रधानता होते हुए पूर्वज व वर्तमान पीढ़ी में अध्यवसायी कर्मियों की कमी नहीं रही। ये गर्व का विषय है कि इस जाति समुदाय ने ज्योतिष, तांत्रिक, कर्मकाण्डी, साहित्यकार, अध्यापक, प्रशासन, न्याय, कला कौशल आदि विभिन्न क्षेत्रों में नाम उजागर किया है। परिशिष्ट–3 कृपया देखें।

"**तैलंग**" शब्द स्थान विशेष का परिचायक है। इस शब्द में हमारा आचार–विचार, संस्कृति–संस्कार, भाषा–वेशभूषा, कर्म–कर्तव्य बोध का आभास होता है। ये कहना अनुपयुक्त नहीं होगा कि हम अब उत्तर भारतीय रंग–ढंग में ढल गये हैं, व ढलते जा रहे हैं। स्वाभाविक है कि हमारे ऊपर देश–काल–वातावरण का प्रभाव पड़ा है और पड़ता जा रहा है। भाषा व वेशभूषा को हमारा तैलंग समाज लगभग परित्याग कर चुका है। अब आचार–विचार एवं संस्कृति का परिचय यत्र–तत्र ही मिलता हैं जिसके तार भी छिन्न–भिन्न होते जा रहे हैं। जाति समुदाय को अपनी विशिष्टता दिखलाने के लिए हमें अपने मूल संस्कारों को अपनाने हेतु पूर्व प्रक्रिया को चालू रखना होगा, इसके लिए दृढ़ता व अनुशासन की हम

सबको जरूरत है, परन्तु आज के बढ़ते हुए कदमों में रूढ़ि की बेड़ी डालना भी समयोचित नहीं प्रतीत होती है। भगवान बुद्ध की शिक्षा **"मज्झिम निकाय"** के अनुसरण में प्रशस्त मार्ग पर चलना ही श्रेयस्कर होगा।

"धर्मो विश्वस्य जगतः प्रतिष्ठा" (ना. उपनिषद), वेद, स्मृति, सदाचार, आत्मतुष्टि धर्म के चार लक्षण है। सामान्यरूप से धर्म दस लक्षणात्मक माना गया है –धैर्य, सन्तोष, क्षमा, दया, अस्तेय, शौच, इन्द्रियनिग्रह, आत्मविषयिणी बुद्धि, सत्य और अक्रोध आदि। सृष्टि के प्रारम्भ में ब्राह्मण के कोई भेद नहीं थे। इसका प्रमाण श्रुति–स्मृति ग्रन्थों में है। जिस समय ब्रह्मा ने अपने मुख से ब्राह्मणों की उत्पत्ति की, उस समय ब्राह्मण वर्ग का एक ही भेद था, ब्रह्म ऋषि। बाद में एक के गौड़ और द्रविण दो हुए। दोनों अलग–अलग दिशा और देशों में रहे, इससे दो भेद हो गये। बाद में इनके दस भेद हुए, और फिर दस भेद के चौरासी भेद हो गये। आगे चलकर सन्तति वृद्धि होने पर 280 ब्राह्मण भेद हुए। ब्राह्मणों की उत्पत्ति बह्मादिक देवताओं से वशिष्ठ, गौतम, कण्व, वाल्मीकि आदि ऋषियों से तथा कुछ मान्धाता जैसे राजाओं से अपने कार्य व पदत्व से ब्राह्मण स्थापित किये। दस प्रकार के ब्राह्मण इस प्रकार हैं – 1. तैलंग 2. महाराष्ट्र 3. गुर्जर 4. द्रविड़ 5. कर्णाटक। ये पाँच द्रविड़ ब्राह्मण कहलाये। इनका निवास विन्ध्याचल के दक्षिण में है। विन्ध्याचल के उत्तर में 1. सारस्वत 2. कान्यकुब्ज 3. गौड़ 4. मैथिल 5. उत्कल। इनमें भी ब्राह्मणों की अनेक शाखायें व उप शाखायें होती गयी। वर्तमान में ब्राहाण के मुख्यतः 115 वर्ग हैं।

"अथ दशभिदा ब्राह्मणा कर्णाटिकाश्च तैलंगा द्रविड़ा महाराष्ट्र काः। गुर्जराश्चेति पंचैव द्रविड़ा विन्ध्य दक्षिणे।
सारस्वताः कान्यकुब्जा गौड़ा उत्कलमैथिलाः। पंचगौड़ा इति ख्याता विन्ध्यस्योत्तर वासिनः।" (ब्राह्मण उत्तर मार्तण्ड)

गौड़ ब्राह्मणों की संख्या की भांति द्राविड़ ब्राह्मणों की संख्या भी 115 बतलाई है। अलग–अलग स्थानों पर बसने के कारण अलग–अलग नामों की संज्ञा दी गयी। दक्षिण के सभी ब्राह्मण वेद–वेदांगों से परिपूर्ण स्वाध्याय, तप, हवन आदि कर्मकाण्डी, विद्वान, ज्योतिष वक्ता हुए। तैलंग ब्राह्मणों में आठ वर्ग भेद हैं – 1. तैलंगानी 2. वेलनायटी 3. वेगुनायटी 4. मुरूकीनायटी 5. काशलनायटी 6. कर्णकामा 7. नियोगी 8. ऋषि न्यानासाखी। कुछ लोग तैलंग ब्राह्मणों के मुख्यतः छः भेद करते हैं – 1. वेलनाडू 2. वेगीनाडू 3. मुर्कीनाडू 4. कर्णकर्मा 5. तैलंगाणी 6. काशलनाडू। तैलंग ब्राह्मणों में निम्न वर्गीय ब्राह्मणों की भी गणना की जाती है। 1. अरवेलु ब्राह्मण – तैलंग ब्राह्मणों का यह एक गोत्र भेद है। 2. कानाराकमिा ब्राह्मण – यह तैलंग देश के निवासी कानाराकामा वैदिक ब्राह्मण हैं ये तैलंग कहलाते हैं। 3. आंध्र वैष्णव ब्राह्मण – ये रामानुज सम्प्रदाय के तैलंग ब्राह्मण हैं। 4. कासलनाडू ब्राह्मण – ये तैलंग ब्राह्मण हैं इनका निकास ओड प्रदेशान्तर्गत कौशला नगरी से है, वहां से ये तैलंग देश आकर बसे। 5. गोस्वामी या गुसाई ब्राह्मण – तैलंग ब्राह्मण हैं, इन्हें वल्लभाचार्य सम्प्रदाय की विशेष रूप से पदवी प्राप्त है। 6. मध्यगौड़ीय सम्प्रदाय के तैलंग ब्राह्मण हैं।

तैलंग ब्राह्मणों की उत्पत्ति की एक कथा है – जैमुनि देश का राजा धर्मव्रत था। ईश्वर भक्ति के प्रताप से उसे स्वेच्छा गमन की सिद्धि प्राप्त

थी। इस बल से वह नित्य प्रति विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों में जाता और दान–तर्पण–पूजा कर वापिस अपने घर आकर राज्य कार्य में लग जाता था। उस धर्मात्मा राजा का नियम था कि हर रोज काशी में जाकर गंगा स्नान कर एवं पूजा पाठ कर प्रातः होने से पूर्व ही घर वापिस आ जाता था। एक दिन राजा की पत्नी सो कर जागी तो उसने राजा को पलंग पर नहीं पाया। उसके मन में आया कि राजा दुराचारी है। राजा के वापिस आने पर रानी ने पूछा कि मुझे सोती छोड़कर आप कहां जाते हो। राजा ने उसके मन के संदेह को भांप लिया। राजा ने सत्य बतला दिया। रानी ने भी अगले दिन राजा के साथ प्रातः चलने के लिए कहा। राजा सहमत हो गया रानी भी राजा के साथ गंगा स्नान को नित्य जाने लगी। एक बार गंगा पर्व पर राजा ने काशी के ब्राह्मणों का दान आदि से सत्कार किया। घर लौटने का अवसर आते ही रानी रजस्वला हो गयी। इधर राजा को समाचार मिला कि शत्रुओं ने उसके राज्य पर चढ़ाई कर दी है। राजा पशोपेश में पड़ गया। रजस्वला पत्नी को छोड़कर वह तीन दिन तक घर वापिस नहीं जा सकता था। उसने काशी के पण्डितों को बुलवाया। उनसे राजा ने मार्गदर्शन चाहा। पण्डितों ने राजा को जाने की अनुमति दे दी। राजा प्रसन्न हुआ उसने पण्डितों को कहा कि आप लोगों पर जब भी कोई विपत्ति आये, आप मेरे राज्य में आ जावें। राजा ने अपने राज्य में वापिस आकर शत्रु से युद्ध किया और विजयी हुआ। वह धर्मानुसार राज्य करने लगा। एक समय काशी में अकाल पड़ा। काशी के ब्राह्मण जैमुनि देश में गये, जैसा कि उन्हें राजा ने आश्वासन दिया था। वहां पहुंच कर राजा ने उन पण्डितों का आदर सत्कार किया। धन दान दिया। पण्डितों के कहने पर नदी के उत्तरी तट पर उनके रहने व भोजन आदि की व्यवस्था कर दी गयी। नदी के दक्षिणी तट पर वहां के मूल निवासी ब्राह्मण रहते थे। उन्हें काशी के पण्डितों से ईर्ष्या हुई उन्हें अपना तिरस्कार मालूम पड़ा। ये बात राजा–रानी तक पहुंची। राजा काशी के ब्राह्मणों को पूज्य व महान कहता था और रानी जैमुनि वासियों को महान कहती थी। इस पर शास्त्रार्थ कराने का निश्चय किया गया।

राजा व रानी ने विचार कर एक ताम्र कलश में सर्प बंद कर दिया और सभा में आज्ञा दी कि जो यह बतलायेगा कि कलश में क्या है वही श्रेष्ठ विद्वान माना जायेगा। जैमुनि के विद्वानों ने निर्णय दिया कि इसमें सर्प है। काशी के ब्राह्मण दुविधा में पड़ गये कि वे क्या कहें, जबकि जैमुनि ब्राह्मणों ने पहले ही इसका उत्तर दे दिया। तभी भगवान विष्णु एक बालक ब्रह्मचारी के रूप में प्रकट हुए। उन्होंने पण्डितों से कहा कि इस गूढ़ार्थ को मै जानता हूँ। मैं आप लोगों के लाभ की बात ही रखूंगा। बालक ने उनको मर्यादा रखने के लिए कहा। बालक राजा के पास गया और बोला कि मैं काशी के पण्डितों का शिष्य हूँ, उनकी तरफ से मै उत्तर दूंगा। बालक ने कहा कि इस ताम्र कलश में स्वर्ण निर्मित कृष्ण मूर्ति है। राजा–रानी उस बालक की बात पर हंसे। बालक के आग्रह करने पर जब कलश का मुंह खोला गया तो सचमुच ही स्वर्ण की कृष्ण मूर्ति उसमें निकली तब राज्य के मूल निवासी ब्राह्मण अपनी हार मान कर सभा से चले गये। बाद में राजा ने काशी के ब्राह्मणों को ग्राम दान कर अपने राज्य में बसाया। जिस क्षेत्र में उन्हें बसाया गया वह तैलगू क्षेत्र था। अतः वहां के निवासी ब्राह्मण तैलंग कहे गये।

राजा विलोकयामास स्त्रीमुखं हास्य–संयुतः। पात्रमुद्घाट्य च ततों दृष्टवान्मूर्तिमनुत्तमाम् ॥
दंपती विस्मयाविष्टावैश्तरेयाः प्रहर्षिताः। तस्मात् स्थानान्निरगमञ्जैमिनीयाः पराजिताः ॥
अथ राजातिसंहृष्टस्तेभ्यो ग्रामान्प्रदत्तवान्। ते औत्तरेया ह्यभवंस्तैलंग ब्राह्मणास्तदा ॥ (ब्राह्मण उत्तर मार्तण्ड पुराण) श्लोक 48–50

वर्तमान में तैलंग–भट्ट–गोस्वामी जाति का समुदाय निम्न स्थानों पर उनके सामने दी हुई परिवार संख्या के अनुसार इस प्रकार है –

1.	**जयपुर** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 295	2.	**बीकानेर** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 122
3.	**भोपाल** (मध्यप्रदेश)	परिवार संख्या – 68	4.	**मुंबई** (महाराष्ट्र)	परिवार संख्या – 48
5.	**अहमदाबाद** (गुजरात)	परिवार संख्या – 39	6.	**कोटा** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 35
7.	**दिल्ली** (भारत)	परिवार संख्या – 28	8.	**जबलपुर** (मध्यप्रदेश)	परिवार संख्या – 13
9.	**टीकमगढ़** (मध्यप्रदेश)	परिवार संख्या – 16	10.	**वडोदरा** (गुजरात)	परिवार संख्या – 15
11.	**ग्वालियर** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 11	12.	**गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 17
13.	**मिर्जापुर** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 9	14.	**बरेली** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 9
15.	**वृन्दावन** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 9	16.	**पन्ना** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 8
17.	**गोकुल** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 5	18.	**मथुरा** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 7
19.	**जोधपुर** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 6	20.	**उदयपुर** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 9
21.	**जूनागढ़** (गुजरात)	परिवार संख्या – 7	22.	**राजकोट** (गुजरात)	परिवार संख्या – 6
23.	**लखनऊ** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 6	24.	**बैंगलुरू** (कर्नाटक)	परिवार संख्या – 5
25.	**सागर** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 5	26.	**चण्डीगढ़**	परिवार संख्या – 5
27.	**पोरबन्दर** (गुजरात)	परिवार संख्या – 4	28.	**कानपुर** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 4
29.	**अजमेर** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 3	30.	**दमोह** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 3
31.	**अजयगढ़** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 3	32.	**आगरा** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 2
33.	**ब्यावर** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 1	34.	**सीधी** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 1

35.	**गोंडा** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 1	36.	**बस्ती** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 1
37.	**रायगढ़** (महाराष्ट्र)	परिवार संख्या – 1	38.	**इलाहाबाद** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 1
39.	**झालावाड़** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 3	40.	**धौलपुर** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 1
41.	**नरी** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 4	42.	**प्रेमसरोवर** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 1
43.	**ऊँचागांव** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 3	44.	**खुर्जा** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 1
45.	**फरीदाबाद** (हरियाणा)	परिवार संख्या – 3	46.	**गुड़गांव** (हरियाणा)	परिवार संख्या – 2
47.	**सोनीपत** (हरियाणा)	परिवार संख्या – 1	48.	**दुर्ग** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 4
49.	**विदिशा** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 1	50.	**छिन्दवाड़ा** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 1
51.	**विजावर** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 1	52.	**छतरपुर** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 1
53.	**चंपारण** (छत्तीसगढ)	परिवार संख्या – 1	54.	**रायपुर** (छत्तीसगढ़)	परिवार संख्या – 3
55.	**चंदौसी**(उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 2	56.	**काशीपुर** (उत्तराखण्ड)	परिवार संख्या – 1
57.	**कोलकाता** (प. बंगाल)	परिवार संख्या – 1	58.	**वाराणसी** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 2
59.	**रेवई** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 1	60.	**बबीना** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 1
61.	**नोहरा** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 1	62.	**हरिद्वार** (उत्तराखण्ड)	परिवार संख्या – 1
63.	**इंदौर** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 3	64.	**रतलाम** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 2
65.	**सिमरिया** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 3	66.	**विरसिंहपुर** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 2
67.	**भरूआ सुमेरपुर** (उत्तर प्रदेश)	परिवार संख्या – 1	68.	**चित्रकूट** (मध्य प्रदेश)	परिवार संख्या – 2
69.	**नाथद्वारा** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 6	70.	**कांकरोली** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 8
71.	**चित्तौड** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 2	72.	**गंगानगर** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 1
73.	**सीकर** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 1	74.	**डीग** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 1
75.	**भीलवाड़ा** (राजस्थान)	परिवार संख्या – 1	76.	**नडियाद** (गुजरात)	परिवार संख्या – 1
77.	**केशोद** (गुजरात)	परिवार संख्या – 2	78.	**जामनगर** (गुजरात)	परिवार संख्या – 3

79. **सूरत** (गुजरात)	परिवार संख्या – 3	80. **भद्रावती** (उड़ीसा)	परिवार संख्या – 1
81. **पूना** (महाराष्ट्र)	परिवार संख्या – 3	82. **नागपुर** (महाराष्ट्र)	परिवार संख्या – 1
83. **गोवा** –	परिवार संख्या – 1	84. **हैदराबाद** (आंध्र प्रदेश)	परिवार संख्या – 1
85. **विशाखापट्टनम** (आ. प्र.)	परिवार संख्या – 1	86. **चेन्नई** (तामिलनाडू)	परिवार संख्या – 3
87. **अगरतल्ला** (त्रिपुरा)	परिवार संख्या – 1	88. **शिलोंग** (मेघालय)	परिवार संख्या – 1
89. **विदेश**	परिवार संख्या – 4		**(कुल योग – 928 परिवार)**

इसमें प्रातः स्मरणीय वल्लभाचार्यजी के वंशजों की गणना शामिल नहीं है। अनुमानतः चार व्यक्तियों का एक परिवार मानते हुए जातीय जनसंख्या लगभग चार हजार व्यक्तियों की होती है। वास्तविक आंकड़ों के लिये प्रत्येक परिवार की जानकारी प्राप्त करना व उनका एकत्रीकरण आवश्यक है।



← तैलंग भट्ट जाति के लोग दक्षिण में आन्ध्र प्रदेश तामिलनाडू कर्नाटक एवं उड़ीसा के दक्षिण भाग में निवसित थे। यह प्रदेश पूर्ण रूप से तैलंग प्रदेश के नाम से पूर्व में विख्यात था।

आन्ध्र प्रदेश के गेन्डीकोट्टा के समीप प्रवाहित पेण्णार नदी का बेसिन क्षेत्र तैलंग भट्ट समुदाय का उद्भव स्थल रहा है। →



प्रस्तुत वंशावली के अनुसार यह जातीय समुदाय निम्नांकित गोत्रों में वर्गीकृत है। गोत्रों के समक्ष ही उनके प्रवर, वेद तथा गोत्रों में समाहित अवटंक जिन्हें **अल्ल** भी कहा जाता है, बतलाया है।

क्र. सं.	गोत्र	प्रवर	वेद	शाखा	अवंटक
1.	भारद्वाज	आंगिरस, भारद्वाज, बार्हस्पत्य–त्रिप्रवर	कृष्ण यजुर्वेद	शाकल–आश्वलायन	नेत, वाजपेयी
2.	आत्रेय	आर्चनानस, आत्रेय, श्यावाश्व–त्रिप्रवर	कृष्ण यजुर्वेद	तैत्तिरीय आपस्तम्ब	गोस्वामी, द्रविड़, कवीश्वर, बागरोदी, कठोड़ी
3.	गौतम	आंगिरस, आयास्य, गौतम–त्रिप्रवर	कृष्ण यजुर्वेद	तैत्तिरीय आपस्तम्ब	सिमरी देवर्षि, चक्रवर्ती
4.	श्रीवत्स	भार्गव, च्यवन, आप्नवान, और्व, जामदग्न्य–पंचप्रवर	ऋग्वेद	शाकल–आश्वालयन	पोतकूर्चि, भदरसा (भद्राश्व) माध्व गोड़ीय
5.	कौंडिन्य	कौंडिन्य, मैत्रावरूण, वशिष्ठ–त्रिप्रवर	कृष्ण यजुर्वेद	तैत्तिरीय आपस्तम्ब	करंजी, दीक्षित, वशिष्ठ
6.	मुद्गल	आंगिरस, भार्म्याश्व, मौदगल्य–त्रिप्रवर	कृष्ण यजुर्वेद	तैत्तिरीय आपस्तम्ब	छभैया
7.	कश्यप	काश्यप, आवत्सार, नैधुव–त्रिप्रवर	ऋग्वेद	शाकल–आश्वलायन	रेही, त्रिग्रह (तिगरा), करंभा, झांझेय, मठपति
8.	कौशिक	विश्वामित्र, देवरात, औदल–त्रिप्रवर	कृष्ण यजुर्वेद	तैत्तिरीय आपस्तम्ब	गोष्ठीशाल
9.	बाधूलस	भार्गव, वैतहव्य, सावेतस–त्रिप्रवर	कृष्ण यजुर्वेद	तैत्तिरीय आपस्तम्ब	पंचनदी
10.	हरतस	आंगिरस, अम्बरीष, यौवनाश्व–त्रिप्रवर	कृष्ण यजुर्वेद	तैत्तिरीय आपस्तम्ब	मेडूरी, पालगुल्ल, पेद्दीभोटला, चिंतलपाटि
11.	शांडिल्य	काश्यप, आवत्सार, शांडिल्य–त्रिप्रवर	कृष्ण यजुर्वेद	तैत्तिरीय आपस्तम्ब	
12.	लोहित	विश्वामित्र, देवरात, औद्दलेति–त्रिप्रवर	कृष्ण यजुर्वेद	तैत्तिरीय आपस्तम्ब	अवौटी, रामानुज सम्प्रदाय
13.	तैलंग विल्लाट	---- -----	----	----------	देव प्रयागी भट्ट

* नोट : भारद्वाज गोत्र के कुछ परिवार ऋग्वेदी हैं और कुछ कृष्ण यजुर्वेदी हैं। जिनके पंच प्रवर होगें वे ऋग्वेदी हैं।

वंशावली को जानने का उद्देश्य केवल मात्र पूर्वजों के परिचय प्राप्त करने से ही नहीं है वरन गोत्र, प्रवर, वेद, शाखा, सूक्त, अवंटक को जानने के साथ हमको परस्पर समभाव का आदर्श भी अपनाना है। विषम भाव का त्याग नितान्त आवश्यवक है। इसके बिना समभाव नहीं आवेगा। ऋग्वेद का उपदेश है –

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः। समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति ॥ ऋक्वेद–10/191/4

"अर्थात् सब मानवों की आकूति अर्थात् संकल्प, निश्चय, प्रयत्न एवं व्यवहार समान–समभाव वाले सरल, कपट आदि दोषरहित, स्वच्छ रहें एवं आपस में मानवों के हृदय भी समान निर्द्वन्द हर्ष शोक रहित समभाव वाले रहें तथा आप सब मानवों का मन भी समान, सुशील एवं सब प्रकार के सद्भाव वाला ही रहे। जिस प्रकार आपका शोभन (अच्छा) साहित्य (सहभाव) धर्मार्थादि का समुच्चय सम्पादित हो उस प्रकार आपके आकूति हृदय एवं मन हों।" जैसा कि भगवान ने कहा है–"**मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव।**" मैं इस जगत् में मणियों के भीतर सूत्ररूप में विद्यमान हूँ। इसी प्रकार जाति वंशावली में प्रत्येक व्यक्ति मणिरूप में समाहित है। वंशावली में प्रत्येक व्यक्ति का अपना महत्व है।

गोत्र, प्रवर, शाखा सूक्त, वेद का जानना प्रत्येक के लिए अपेक्षित है। समाज में जो भी व्यवस्थाऐं प्रतिपादित की गई हैं वे वेद विहित हैं। वेद पाँच हैं – ऋग्वेद, सामवेद, शुक्ल यजुर्वेद, कृष्ण यजुर्वेद एवं अथर्व वेद। वेदों में गृह्य सूत्र का साहित्य विशद है। इसमें विविध धर्म विविध जातियों की आचार धाराऐं हैं। ऋग्वेद के तीन गृह्य सूत्र हैं – आश्वलायन, शाखायन और कौषीतकि। कृष्ण यजुर्वेद के नौ गृह्य सूत्र है – बौधायन, भारद्वाज, आपस्तम्ब, हिरण्यकेशीय, वैखानस, अग्निवैश्य, मानव, काठक, वाराह। तैलंग–भट्ट–गोस्वामी समुदाय दो वेदों के अन्तर्गत ऋग्वेद तथा कृष्ण यजुर्वेद के अन्तर्गत कर्म प्रधान हैं तथा ऋग्वेद के आश्वलायन गृह्य सूत्र एवं कृष्ण यजुर्वेद के आपस्तम्ब गृह्य सूत्र को मानने वाले हैं। इन्ही दो सूत्रों के अन्तर्गत निर्दिष्ठ कर्मों को ये समाज मानता है। वेद का अर्थ ज्ञान से है। ऋचाओं का ज्ञान ऋग्वेद है। यजुर्वेद में यज्ञ और कर्मकाण्ड की प्रधानता है। यजुर्वेद की 107 शाखाऐं है। इस वेद के दो भाग हैं– शुक्ल व कृष्ण यजुर्वेद। वर्तमान में यजुर्वेद की पाँच शाखाऐं उपलब्ध हैं – वाजसनेय व काण्व शुक्ल यजुर्वेद की तथा तैत्तिरीय, मैत्रायणी, कठ कृष्ण यजुर्वेद की है। ऋग्वेद की शाखाओं के बारे में मतभेद है। इस वेद की कुछ प्रमुख शाखाऐं – **शाकल, मुद्गल, गालव, शालीय, वात्स्य, वाष्कल, पाराशर, जातूकर्ण्य, उद्दालक, गौतम, भारद्वाज, ऐतरेय, वशिष्ठ, काश्यप** आदि। तैलंग–भट्ट–गोस्वामी समुदाय ऋग्वेद और इसकी शाखा शाकल के अन्तर्गत तथा कृष्ण यजुर्वेद तथा इसकी शाखा तैत्तिरीय के अन्तर्गत कर्मनिष्ठ है। शाखा से तात्पर्य है– विभिन्न वेदों की वे संहिताऐं जिनका पठन सम्बन्धित गोत्रधारियों को सौंपा गया है।

आर्य संस्कृति में गोत्र व प्रवर का विचार रखना सर्वोपरि माना गया है। सनातन धर्मी आर्य जाति की सुरक्षा के लिए चार स्तम्भों में ये प्रथम स्तम्भ है। तीन अन्य हैं – वर्ण व्यवस्था–इसमें जन्म से जाति मानने की दृढ़ आज्ञा है। आश्रम धर्म व्यवस्था – इससे सुव्यवस्थित रूप से धर्म मूलक प्रवृत्ति मार्ग से चलते हुए निवृत्ति मार्ग की पराकाष्ठा पर पहुंचा जा सकता है। चौथा स्तम्भ है सतीत्त्व मूलक नारी धर्म की सहायता से आर्य जाति की पवित्रता। गोत्र व प्रवर को महत्व न देने से काई भी जाति विपथगामी हो जाती है।

गोत्र–प्रवर का सम्बन्ध एवं इसकी उपादेयता सृष्टि के प्रारम्भ से ही है क्योंकि ब्रह्माजी की उत्पत्ति के साथ ही उनके मानस पुत्र रूप में उत्पन्न हुए ऋषियों से ही गोत्र व प्रवर सम्बन्ध चला है। प्रवर उन ऋषियों के द्वारा शास्त्रीय प्रवचन, शिक्षा सुनने एवं प्राप्त करने से जो शिष्यत्व प्राप्त हुआ उनके द्वारा शब्द शरीर बना अर्थात् गुरुकुल प्रवक्ता ही प्रवर कहलाते थे। इससे हम सनातन धर्मी अपने अस्तित्व की रक्षा करने में समर्थ हुए। गोत्र–प्रवर का विचार न करने से नित्य पितरों की कृपा नहीं होती है। गोत्र–प्रवरों के प्रवर्तक ऋषि–महर्षि हैं। यह जन्मान्तर विज्ञानपरक है। इसमें रजोवीर्य की शुद्धता का गौरव छिपा हुआ है। गोत्र का उद्भव पूर्वज ऋषियों के नाम पर हुआ है और प्रवर विशिष्ट शिष्य या उनके वंशज जिनसे कुल की पहचान हुई है से जाने जाते हैं। पण्डित काशीनाथ उपाध्याय द्वारा विरचित धर्मसिन्धु के अनुसार सारे विश्व में ब्राह्मणों के 57 गोत्र हैं – भृगुऋषि के परिकर में सात, अंगिरा ऋषि के परिकर के सत्रह, अत्रि ऋषि के चार, विश्वामित्र के दस, काश्यप ऋषि के तीन, वशिष्ठ के चार , अगस्त्य के चार तथा आठ अन्य ऋषियों के परिकर के आठ गोत्र प्रवर्तक हुए। प्रत्येक ब्राह्मण को 14 बातों का ज्ञान होना आवश्यक हैं – निज गोत्र, ऋषि गोत्र, प्रवर, वेद, अवटंक, कुल देव या देवी, शाखा, गणपति, शिव, चरण, मूल, पुराण पुरुष, भैरव व सूत्र।

गोत्र एवं प्रवरों पर विहंगम दृष्टिपात :

वेदों का साक्षात्कार ऋषियों ने किया है। पुराणों के आधार पर आर्यावर्त के राजवंश का प्रारम्भ वैवस्वत मनु से माना जाता है। वैसे ही सभी प्राचीन ऋषियों की उत्पत्ति ब्रह्माजी से हुई मानी जाती है। वायु पुराण के अनुसार ऋषि शब्द ऋष धातु से बना है। ऋषि रूप में ब्रह्माजी ने सुयोग्य, तेजस्वी, मन्त्रदृष्टा, आधिदैविक मानस पुत्र उत्पन्न किये। जिन्होंने वैदिक व ब्राह्मण वंश परम्परा को आगे बढ़ाया। विष्णूपुराण के अनुसार ब्रह्माजी ने शुरू में अपनी मानसी सृष्टि से सनक, सनन्दन, सनातन और सनतकुमार चार ऋषियों की रचना की। ये सृष्टिकार्य से विरक्त रहे। अतः ब्रह्माजी ने फिर आठ मानस पुत्रों की रचना की। वे हैं – भृगु, आंगिरस, मरीचि, अत्रि, वशिष्ठ, पुलस्त्य, पुलह और क्रतु। अन्तिम तीन की सन्तानें मानवेतर जातियों की हुई। शेष प्रारम्भ के पाँच महर्षियों से गोत्रों का प्रचलन एवं प्रसार हुआ। अत्रि और कश्यप कुल से उत्पन्न ब्राह्मण अन्य गोत्रकार ऋषियों के उत्तर कालीन थे।

ब्रह्माजी ने पुनः दस मानस पुत्र उत्पन्न किये – आठ तो पूर्व के एवं दक्ष व नारद। नारद का प्रादुर्भाव ब्रह्माजी की गोद से, दक्ष अंगुठे से, वशिष्ठ प्राण से, कृतु हाथ से, पुलह नाभि से, पुलस्त्य कान से, आंगिरस (अंगिरा) मुख से, मरीचि और अत्रि नेत्रों से प्रकट हुए। (भाग. पुराण–3/12) **विशेष :** वैशेषिक दर्शन देवों व ऋषियों के शरीर को शुक्रशोणित के बिना सूक्ष्म परमाणुओं से बना मानते है। यजुर्वेद के पुरुष सूक्त के अनुसार परमात्मा से आदि सृष्टि देव, ऋषि व साध्य स्वतः उत्पन्न हुए है। यही परमात्मा की मानसी सृष्टि है–**"तेन देवाः अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये।"** भागवत के अनुसार गोत्र प्रवर्तक ऋषियों का वर्णन इस प्रकार है–**"कश्यपोऽत्रिर्वशिष्ठश्च विश्वामित्रोऽथ गौतमः जमदग्निर्भरद्वाज इति सप्तर्षयः स्मृताः"** ये ऋषि ब्राह्मण गोत्रों के प्रवर्तक एवं धर्मव्यवस्थापक हैं। इन्हीं से प्रजा का विस्तार होता है। शरीरस्थ

इन्द्रियों के रूप में सप्तर्षियों का वर्णन यजुर्वेद में मिलता है।

हमारे वेदों में तीन प्रकार के विश्वों का वर्णन है। 1. अन्तरिक्ष संसार जिसमें सूर्य, चन्द्र तथा नक्षत्र सभी आते है। 2. मानव संसार जिसमें गौतम, भारद्वाज, विश्वामित्र, जमदग्नि आदि ऋषि मानव इन्द्रियों के अधिष्ठाता के रूप में वर्णित है। 3. विश्व इसी पृथ्वी पर है जो हमारे लिये दृष्टि का विषय है, जिसमें आकाश स्थित नक्षत्र ऋषि रूप में वर्णित हैं।

अगस्त तारा के समीप सप्तऋषि समूह है जहाँ अट्ठासी हजार गृह में ऋषि मुनि है। ब्रह्माण्ड पुराण एवं आपस्तम्ब धर्मसूत्र में भी इसकी पुष्टि मिलती है। वायुपुराण में सप्तऋषियों के लक्षण बतलाये गये है। देवर्षियों के भावों का जो अध्ययन, स्मरण कराते है वेऋषि है। इन ऋषियों की संख्या सात है। ये ऋषि मन्त्रकर्ता (मन्त्रदृष्टा), दीर्घआयु, ऐश्वर्यवान्, दिव्यदृष्टि युक्त, गुणविद्या और आयु में धर्म तत्व का प्रत्यक्ष साक्षात्कार करने वाले तथा गोत्र प्रवर्तक हैं। इन्हीं से विश्व में प्रजा का विस्तार होता है। ये सप्तऋषि प्रत्येक मनवन्तर में भिन्न-भिन्न होते हैं। जैसे- मनु, देवता, इन्द्र आदि पृथक्-पृथक् होते है। ये सभी अपनी निश्चित अवधि तक धर्म का प्रचार-प्रसार और संरक्षण करते हुए प्रजा का विस्तार करते हैं। ये प्रवृत्ति मार्गीय हैं। मरीचि, अंगिरा, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु व वशिष्ठ ही ब्रह्माजी के मानस पुत्र हैं। ये ही प्रमुख वेदज्ञ है। वेदों के मन्त्रों के दृष्टा, निर्माता हैं।

यदि विश्व की संस्कृतियों व धर्म का ऐतिहासिक विश्लेषण किया जावे तो अनेक संस्कृतियाँ एवं धर्म अपना अस्तित्व खो चुके हैं। कालजयी भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म आज भी अपना अस्तित्व बनाए हुए है। इसके आधार हैं - हमारी गोत्र, प्रवर, परम्परा, वर्णाश्रम व्यवस्था एवं सतीत्वमूलक नारी शक्ति। जैसा कि पूर्व में कहा गया है कि हमारे गोत्र, प्रवर्तक ऋषियों की संख्या सात है। ये ऋषि हैं - विश्वामित्र, जमदग्नि, भारद्वाज, गौतम, अत्रि, वशिष्ठ और कश्यप। आठवें ऋषि अगस्त्य है जो सन्तान प्रवर्तक है एवं इन्हीं से गोत्रों का चलन हुआ है। **"ऋषीणां यदपत्यं तद् गोत्रमित्याचक्षते।"** ये ऋषि मन्त्र निर्माता, दीर्घायु, दिव्यदृष्टा एवं विद्या आयुवृद्धि एवं धर्मतत्व ज्ञाता माने गये है। एक ही गोत्र में पृथक्-पृथक् करने वाले ऋषि प्रवर कहलाते है। **"व्यावर्तकाः ऋषिविशेषाः प्रवर इत्येव"** (धर्मसिन्धु) यह प्रवर संख्या में तीन से पाँच तक होते है। कहीं-कहीं इनकी संख्या और अधिक भी मानी गई है। धर्म शास्त्र के प्रमुख ग्रन्थ धर्मसिन्धु के अनुसार मुख्य गोत्र एवं प्रवर निम्न प्रकार के हैं, जिनके भी अनेक उप-गोत्र एवं प्रवर है - **भृगु** - सात गोत्र हैं। वत्य, धिद्, जामदग्न्य, यास्क, मित्रेयु, वन्य एवं शुनक। इनमें भी दो सौ वत्य गोत्र के भेद है। इनके पाँच प्रवर होते है -भार्गव, च्यवन, आप्नवान्, और्व एवं जामदग्न्य। **आंगिरस**-छः गोत्र है-हस्ति, कुत्स, कण्व, रथीतर, विष्णुवृद्ध एवं मुद्गल। इनमें बत्तीस भेद हैं। मुख्य हैं - आंगिरस, अम्बरीश और यौवनाश्व। **अत्रि**-चार गोत्र है-अत्रि, गविष्ठिर, यदुभुक्त एवं मुद्गल। अत्रियों के भूरिय, छांदि आदि चौरानवे भेद हैं। इनके तीन प्रवर हैं - आत्रेय, आर्चनानस और श्यावाश्व। **विश्वामित्र** - इनके दस गोत्र है- लोहित, रोक्षक, कामकायन, अज्ञ, कत, धनंजय, अधमर्षण, पूरण, इन्द्र एवं कौशिक। इनके भी सत्तर भेद है। तीन प्रवर हैं-विश्वामित्र, देवरात

एवं औवदल। **कश्यप** – तीन गोत्र हैं –नैध्रुव, रेभ एवं शाण्डिल्य। इनके चालीस से सौ तक भेद है। इनके तीन प्रवर है–काश्यप, आवत्सार व नैध्रुव। **वशिष्ठ** – चार गोत्र हैं – वशिष्ठ, कौंडिन्य, उपमन्यु एवं पाराशर। इनके भी साठ से अधिक विभेद हैं। तीन प्रवर हैं – वशिष्ठ, इन्द्रप्रमद एवं आभरद्रसु। **भारद्वाज** – इनके चार गोत्र हैं – भारद्वाज, गर्ग, ऋक्ष एवं कपि। इनके एक सौ साठ से अधिक भेद हैं। तीन प्रवर हैं – आंगिरस, बार्हस्पत्य एवं भारद्वाज। **गौतम** – गौतम आंगिरस के दस भेद हैं – आयास्य, शारद्वत, कौमण्ड, दीर्घतमस, करेणुपाल, नामदेव, औशनस, राहुगण, सोमराजक एवं वृहदुक्थ। तीन प्रवर हैं – आंगिरस, आयास्य एवं गौतम। **अगस्त्य** – इनके दस गोत्र हैं – इध्मवाह, सांभवाह, सोमवाह, यज्ञवाह, दर्भवाह, सारवाह, अगस्ति, पूर्णमास, हिमोदक एवं पाणिक। इनके पचास से भी अधिक विभेद हैं। इनके प्रवर हैं – अगस्त्य, ढाढ्र्यच्युत तथा इध्मवाह। **जमदग्नि** – इनके छः गोत्र हैं – जमदग्नि, वत्स, विद्यस्क, मित्रेयु, वेन्य एवं शुनक। इनके पांच प्रवर हैं – जामदग्न्य, भार्गव, और्व, च्यावन, आप्नवान। **द्विगोत्रीय** – भारद्वाज जो शुंग से विश्वामित्र औशिर के क्षेत्र में शींग शिशिर नामक ऋषि उत्पन्न हुए वे द्विगोत्रीय कहलाते है। इनके अट्ठाईस विभेद हैं। पाँच प्रवर हैं – आंगिरस, बार्हस्पत्य, भारद्वाज, शींग एवं शैशिर।

क्षत्रिय एवं वैश्य वर्गों में इनके जो पुरोहितों के गोत्र व प्रवर होते हैं वे ही गोत्र–प्रवर इनके भी माने जाते हैं। गोत्र का ज्ञात न होने पर उपनयन संस्कार में जो आचार्य हो उनका गोत्र–प्रवर ग्राह्य होता है। आचार्य का गोत्र ज्ञान न हो तो जिस किसी को आत्म अर्पण किया जावे उसका गोत्र प्रवर ग्रहण किया जा सकता है।

"वास्तव में गोत्र एवं प्रवर की महिमा के प्रभाव से आज भी ब्रह्म तेज देखने को मिलता हैं। अतः वंश परम्परा को बनाए रखने तथा ब्रह्म तेज की समृद्धि के लिये गोत्र–प्रवर की रक्षा करना अपना कर्तव्य व धर्म है। समान गोत्र एवं समान प्रवर में विवाह संस्कार करना सर्वथा निषिद्ध एवं अनुचित है। पाश्चात्य नृशास्त्रियों एवं प्राणिशास्त्रियों का वैज्ञानिक अध्ययन सिद्ध करता है कि सगोत्रीय विवाह सम्बन्धों से उभय लिंगीय एवं विकृत संतानों को जन्म मिलता है।"

विभिन्न गोत्रों के अन्तर्गत कतिपय वंशों का परिचय

यह गौरव की बात है कि इस जातीय समुदाय में विभिन्न वंशों में मूर्धन्य विद्वान हुए हैं जिन्होंने अपनी प्रतिभा से हर क्षेत्र में अपना मुकाम बनाया। वे स्वनाम धन्य हैं। तैलंग–भट्ट–गोस्वामी समाज में विभिन्न वंशों का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है –

भारद्वाज गोत्र –इस गोत्र के तीन प्रवर हैं – आंगिरस, बार्हस्पत्य और भारद्वाज। इनका कृष्ण यजुर्वेद है तथा शाखा तैत्तिरीय आपस्तम्ब है। यह गोत्र दो वर्गों में विभाजित है – 1. श्रीमद् वल्लभाचार्य के वंशज गोस्वामी वर्ग 2. अन्य तैलंग–भट्ट समुदाय। तैलंग–भट्ट समुदाय में नेत, वाजपेयी अवटंक के लोग आते है। अवटंक धारणा या अवधारणा का चलन कुटुम्ब अथवा कुल का परिचायक है। यह वर्ग वल्लभाचार्यजी के अनुज

विश्वनाथजी के वंशज है। इनका मूल ग्राम कांकरवाड़ है। ये सोलहवीं सदी के उत्तरार्ध में उत्तर भारत में आकर बसे। बुन्देलखण्ड के राजा छत्रसाल से इन्हें राज्याश्रय प्राप्त हुआ। इस गोत्र के लोग अजयगढ़, जयपुर, जबलपुर, सागर, बिलहरा, बांदा–गौरहार, मिर्जापुर, बस्सी, बिजावर, नयाकिला आदि स्थानों पर निवास करते हैं। इस वंश में अनेक विद्वान हुए है – विश्वनाथ कविराज, रामचन्द्र वाणीपति, पीताम्बरजी, वेणीमाधव, नन्दकिशोर शास्त्री, श्रीकृष्ण शास्त्री, मण्डन कवि, जय गोविन्द, पुरुषोत्तमजी, विट्ठल शास्त्री, श्रीराम नेत, केशव शास्त्री आदि। इस वंश ने विद्वान, ग्रन्थकार, कवि, पौराणिक व पण्डित समाज को दिये हैं।

आत्रेय गोत्र – इस गोत्र में तीन प्रवर हैं – आत्रेय, आर्चनानस व श्यावाश्व। कृष्ण यजुर्वेद है तथा इनकी शाखा तैत्तिरीय आपस्तम्ब है। इस वंश में द्रविड़, गोस्वामी, कवीश्वर, बागरोदी अवटंक के लोग आते हैं। यह वंश वैंकटेशजी के पुत्र समरपुंगव दीक्षित से शुरू होता है। इनसे सातवीं पीढ़ी में श्रीराधारमण व श्रीरमारमण हुए, जिनसे क्रमशः बीकानेर व महापुरा के वंशज हुए। इस वंश के पूर्वज शिवानन्दजी पांचवी पीढ़ी में हुए थे। यह वंश दक्षिण में कांचीनगरी के पेंणा नदी के तट पर पणिपट्टनगर में मूलतः निवास करता था। आत्रेय वंश के लिए कहा गया है कि आत्रेय गोत्री अपने वंशरूपी कमल के लिए सूर्य के समान अतिरात्र यज्ञों के करने वाले दीनदुखी एवं सृहृदयजनों के पालनकर्ता एवं छः शास्त्रों के ज्ञाता थे। यह माना जाता है कि दक्षिण भारत से उत्तर भारत में आने वाले इस गोत्र के प्रथम व्यक्ति श्रीनिवासजी थे। जो इस वंश के तीसरी पीढ़ी में हुए थे। यह कांगड़ा जिले के जालंधर पीठ नामक तीर्थ स्थान में बसे। यह स्थान अब ज्वालामुखी के नाम से जाना जाता है। इन्होंने वहाँ श्रीसुन्दराचार्यजी से दीक्षा ली थी। ये शिव भक्त थे। इन्होंने शिवार्चन चन्द्रिका ग्रन्थ लिखा। इनकी विद्वता के फलस्वरूप सुन्दराचार्यजी ने इन्हें गोस्वामी की पदवी से विभूषित किया। इनके पौत्र शिवानन्दजी विद्वत समाज में पूज्य, शास्त्र चर्चा में अत्यन्त चतुर, तंत्र मंत्रों में पारंगत एवं समस्त राजा–महाराजाओं में वन्दनीय थे। चन्देरी, जयपुर, बीकानेर के राजाओं ने इन्हें सम्मानित किया। बीकानेर में चिलकोई व पूलासर गाँव तथा जयपुर में इन्हें दो गाँव भेंट किये गये–महापुरा व चिमनपुरा। बाद में हरवंशपुरा दिया गया। इनके अनुज जनार्दनजी को रामचन्द्रपुरा भेंट किया गया। कालान्तर में इनके वंशजों को पांचवां गाँव कूकरवाड़ी (बसवा) भी प्राप्त हुआ। कवीश्वर वंश में क्षेमनिधि, पद्माकर, मिहीलाल, कमलाकर हुए जिनका काव्य क्षेत्र में अमूल्य योगदान था।

बागरोदी – आत्रेय गोत्र में बागरोदी परिवार के मूल पुरुष यज्ञनारायण भट्ट थे। इन्होंने विद्वत् सभा में शास्त्रार्थ के समय विरोधियों की वाणी को अवरोध कर दिया था। अतः इन्होंने **"वाक्–रोधी"** उपाधि प्राप्त की। आगे चलकर यह बागरोदी कहलाये। (रत्नगर्भजी के मतानुसार) यह परिवार पूर्व में गोकुल में आया था। इनके मुख्य घर जयपुर, बृजनगर (अलवर), नाथद्वारा एवं झालावाड़, कोटा में अवस्थित हैं। इस परिवार के विद्वज्जन बालकृष्णजी, लालूभट्टजी, गिरधरजी, श्रीकृष्णभट्ट एवं वर्तमान में गदाधर भट्ट प्रभृति विद्वान हैं। हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी की विद्वत्ता इस परिवार की प्रमुख विशेषता है। साहित्य के क्षेत्र में भी यह वंश अग्रणी रहा।

गौतम गोत्र – इस गोत्र के तीन प्रवर हैं – आंगिरस, आयास्य व गौतम। कृष्ण यजुर्वेद व शाखा तैत्तिरीय आपस्तम्ब है। इस गोत्र में सिमरी, वाजपेयी, देवर्षि व चक्रवर्ती अवटंक के लोग आते हैं। मूल पुरुष रामकृष्णजी (तेजरामजी) के पिता नन्दनाथ दीक्षित–सौम्याजी थे। रामकृष्णजी के प्रथम पुत्र गोविन्दजी का वंश नोहरा वालों का है और पंचम पुत्र बलभद्र अर्ध्वयु का वंश रेवई वालों का है। रामकृष्ण जी के दूसरे–तीसरे व चौथे पुत्र के वंश झिलाय वालों के है जो झिलाईया कहलाते हैं। कालान्तर में ये लोग बीकानेर आकर बस गये। इस वंश के वंशज शिवाड़, बीकानेर, अटेर में बसे। कुछ लोग वालेर व वृन्दावन में भी बस गये। मूलत: गौतम गोत्री पूर्वज मूल ग्राम दक्षिण सिमरी के वासी थे। अत: ये सिमरी कहे जाते है। बलभ्रद, केशव, गोपेश्वर, यदुनाथ, रामकृष्ण भट्ट, गोपाल राव आदि हिन्दी, संस्कृत के विद्वान व कवि हुए है। गौत्रम सिमरी गोत्र वाले नरी में बसे हुए परिवार गोस्वामी आचार्य हैं। दाऊजी के मन्दिर की इनकी सेवा है। दाऊजी का मन्दिर अत्यन्त प्राचीन है। इसका पुन: नवीनीकरण एवं प्रतिष्ठापन आषाढ़ कृष्ण प्रतिपदा, संवत् 1790 में हुआ था। दाऊजी की सेवा व आराधना समयान्तर अनुसार यहाँ का गोस्वामी वंश सम्भालता है। सेवा पूर्ण वैष्णवी व पुष्टिमार्गीय है। नरी में गोस्वामी परिवार का आगमन विक्रम संवत् 1640 में हुआ था। उत्तर भारत के तैलंग–भट्ट समुदाय को तप के प्रभाव से गोस्वामी व विद्वत्ता के प्रभाव से भट्ट सम्बोधित किया गया। यह कुल विद्यानुरागी व आयुर्वेद का संरक्षक है। यह परम्परा वर्तमान तक चली आ रही है। इन्हें इस क्षेत्र में गुरुपद प्राप्त है। ये लोग अपने शिष्यों को दीक्षा भी देते हैं। इनके कुलदेवता श्रीलक्ष्मीनारायण हैं।

चक्रवर्ती – विष्णु शर्मा के तीसरे पुत्र माधवजी सौलहवीं सदी में मथुरा में आकर बसे थे। मूलत: गौतम चक्रवर्ती रामानुज सम्प्रदाय के हैं। आगे चलकर ये पुष्टिमार्गी हो गये। इनके पूर्वज श्री पुरुषोत्तमजी पौराणिक वृत्ति पर ग्वालियर में राज्याश्रित हुए। वर्तमान में इनके वंशज लश्कर–ग्वालियर, जयपुर, अहमदाबाद, टीकमगढ़ में विद्यमान है। विष्णुदेव को कर्नाटक नरेश ने कवि चक्रवर्ती की उपाधि दी थी। इनके वंशज चक्रवर्ती कहलाये।

गौतम देवर्षि – इस वंश के मूल पुरुष पुरुषोत्तमजी प्रारम्भ में प्रयाग में आकर बसे। वहाँ उन्हें दिवरिखिया ग्राम प्राप्त हुआ। आगे चलकर यही वंश देवर्षि नाम से जाना गया। बाद में इस कुल के पूर्वज आमेर में राज्याश्रित हुए। इस कुल में कविमण्डन, श्रीकृष्ण भट्ट, द्वारकानाथ, रमानाथ शास्त्री, मथुरानाथ शास्त्री व कलानाथ शास्त्री जैसे विद्वान हुए हैं।

श्रीवत्स गोत्र – इनके पाँच प्रवर हैं – भार्गव, च्यवन, आप्नवान, ओर्व, जामदग्न्य। इनका ऋग्वेद व शाकल आश्वालायन शाखा है। इस वंश में पोतकूर्चि, भद्राश्व एवं महापात्र तीन अवटंक वर्ग है। शास्त्री वंश के मूल पुरुष रूद्रणाचार्य थे। इनका मूल ग्राम राजमहेन्द्री है। सोलहवीं सदी में दक्षिण भारत से आकर मध्य प्रदेश के गढ़ा मण्डला मे अवस्थित हुए। तत्कालीन नरेशों द्वारा राज्याश्रय प्राप्त हुआ। बाद में ये सागर, दतिया, बानपुर में राज्याश्रित हुए। यह भागवद् वैष्णव वंश है। शिक्षा की दृष्टि से यह विद्वान वंश कहा जाता है। इस वंश को कई राज्यों में गुरु सम्मान प्राप्त

हुआ है। कंठमणिजी, हरिवल्लभजी, वासुदेव, बिहारीलाल, बालकृष्ण शास्त्री जैसे विद्वान् इसमें हुए हैं। ये परिवार कांकरोली, नागपुर, भोपाल, रायपुर, सागर आदि में निवसित है। दाऊ वंश के मूल पुरुष ब्रह्मदेव है। इनका मूल ग्राम राजमहेन्द्री जिला है। ये वहाँ से आकर काशी और विंध्याचल में बसे थे। बाद में ये ओरछा में राज्याश्रित हुए। इस वंश में दामोदर देव, जयदेव, रामदेव आदि विद्वान, ग्रन्थकार हुए। वर्तमान में ये टीकमगढ़ वासी है। इनकी कुलदेवी शबरी (भीलनी) हैं। भद्राश्व वंश के मूल पुरुष भैरों दीक्षित हैं। इनका मूल ग्राम मदुरई है। नारायण भट्टजी दक्षिण भारत से आकर बृजमण्डल के ऊँचा ग्राम में रहे। इन्होंने ब्रज के बहुत से लीला स्थलों को प्रकट किया। इन्हें महन्त गोस्वामी के नाम से जाना जाता है। शिष्य परम्परा एवं माध्व सम्प्रदाय का आचार्यत्व इन्हें प्राप्त है। इस वंश में भट्ट भास्कर, भैरों दीक्षित, रंगनाथजी, नारायण भट्ट, दामोदर भट्ट आदि विद्वान हुए हैं। वर्तमान में ये ऊँचा गाँव व नीमराना में बसे हुए हैं।

कौण्डिन्य गोत्र – इनके तीन प्रवर हैं – वाशिष्ठ, मैत्रावरुण और कौण्डिन्य। इनका वेद कृष्ण यजुर्वेद है तथा तैत्तिरीय आपस्तम्ब शाखा है। मूल पुरुष गदाधर भट्ट हैं जो 1560 में उत्तर भारत में ब्रजमण्डल में गोड़ेश्वर चैतन्य सम्प्रदाय के अनुगत होकर आये। चेतन्य महाप्रभुजी को ये श्रीमद् भागवत सुनाया करते थे। इनकी शिष्य परम्परा वृन्दावन में अभी भी है। इनकी परम्परा में लालजी से इस वंश का विस्तार हुआ है। इनका समय 1800 विक्रम संवत् माना जाता है। यह कुटुम्ब श्रीमद् भागवत के प्रवचन और पौराणिक वृत्ति के द्वारा भक्ति सम्प्रदाय में सम्मानित है। यह वर्ग शुद्धाद्वैत सम्प्रदाय से सम्बद्ध है। गदाधर भट्ट, बल्लभ रसिक, दामोदर भट्ट, नन्द कुमारजी, मधुसूदन भट्ट आदि विद्वान् उल्लेखनीय है। जहानाबाद कानपुर में कौण्डिन्य गोत्र के वंशजों के मूल पुरुष हरि भट्ट के पुत्र श्रीकृष्णजी हैं। ये लोग सागर से सम्बद्ध हैं। इनकी सेवा चतुर्भुज रायजी की है। जहानाबाद में इनका प्रचीन मन्दिर है। ये कानपुर, जबलपुर में निवास करते हैं। कौण्डिन्य गोत्र के अन्तर्गत झिलाईया वर्ग अपने को वशिष्ठ मानते है। इनके मूल पुरुष दिवाकरजी हैं। ये लोग बीकानेर और बांदा में पाये जाते रहे हैं। टीकमगढ़ में इसी गोत्र के दीक्षित परिवार अवस्थित हैं। मूल पुरुष गिरधर जी थे। दामोदर दीक्षित, पीताम्बरजी, सुन्दर लालजी आदि विद्वान हुए हैं।

मुद्गल गोत्र – इसमें तीन प्रवर हैं – आंगिरस, भार्म्याश्व, मौदगल्य। इनका वेद कृष्ण यजुर्वेद है। और शाखा तैत्तिरीय आपस्तम्ब है। महाकवि गौरेलाल (लाल कवि) जो पन्ना राज्य के महाराजा छत्रसालजी के गायत्री गुरु थे, उनके वंशज दग्धा ग्राम (जिला–पन्ना) में निवासस्थ हैं। मूल पुरुष श्रीकाशीनाथ तैलंग थे जो आन्ध्रप्रदेश के राजमहेन्द्री जिले के सप्त गोदावरी नदी के तट पर नृसिंह क्षेत्र धर्मपुरी में रहते थे। इनके पुत्र जगन्नाथजी थे। जिनके छः पुत्र हुए – गिट्टाजी (गोविन्द), लम्बूकजी (लम्बोदर), जोगियाजी (योगेश्वरजी), तिघराजी, गिरधरनजी, भरसजी (भद्राक्ष)। इन छः भाईयों के कारण ही इनके वंशज षड्भ्रातृ या छभैया कहलाये। दसवीं पीढ़ी में लाल कवि हुए। इनका संवत्काल 1700 के लगभग रहा है। वर्तमान में इनके वंशज दग्धा, बीकानेर, दिल्ली, जयपुर, अजयगढ़ आदि स्थानों में निवास कर रहे हैं। मुद्गल गोत्रीय पूर्वजों के उपरोक्त छः भाईयों को दिल्ली के लोधी सम्राट् बहलोल लोधी ने छः ग्राम दिये थे। इन ग्रामों के नाम इन छः भाईयों के नाम के सादृश्य थे। इसका

वर्णन ब्राह्मणोत्पत्ति मार्तण्ड वैंकटेश्वर स्टीम प्रेस मुंबई से मुद्रित संवत् 1979 में हैं। यह वंश श्रेष्ठ विद्वानों का रहा है। इस वंश के कुछ लोगों को सिंधिया राज्य ने वैदुष्य परमपण्डित राज की उपाधि से सम्मानित किया है। खुर्जा में अवस्थित इस वंश के लोग श्रीकृष्णजी के वंशज माने जाते हैं। इनकी अवस्थिति अनूप शहर में हुई थी। वर्तमान में ये लखनऊ, खुर्जा, कामवन आदि में रहे।

वृन्दावन स्थित माध्वगौड़ीय सम्प्रदाय में रघुनाथ भट्ट गोस्वामी पीठ के अन्तर्गत श्रीमदनमोहनजी के मन्दिर में श्रीगदाधर भट्ट के वंशज विद्वता एवं भक्ति के क्षेत्र में अपने पूर्वजों एवं पूर्व आचार्यों की भांति सेवा परम्परा में विद्यमान है। इस वंश में श्रीगदाधर भट्ट, श्रीयदुपतिभट्ट, श्रीगोवर्धनभट्ट, श्रीनन्दकुमार भट्ट जैसे प्रभृति विद्वान हुए है। इन सबका भागवत पर विशेष ध्यान था। ये संस्कृत के विद्वान थे। इनकी अभिरुचि श्रीमदनमोहन की राग, रस, भोग, शृंगारमयी सेवा पद्धति तथा अनवरत भगवत लीला, रूप, गुण व माधुर्य के गायन के आधार पर स्थापित है।

कश्यप गोत्र – इनके तीन प्रवर हैं – काश्यप, आवत्सार और नैध्रुव। ऋग्वेद व आश्वलायन शाकल शाखा है। इनके मूल पुरुष नारायणैया हैं। मूल ग्राम दक्षिण में मदुरा है। ये लोग गोकुल में आकर बसे थे। इनका अवटंक रेही है। चित्रकूट में अवस्थित रेही परिवार के मूल पुरुष सोमनाथ रेही हैं। इस वंश में विष्णुअय्या, विष्णु स्वामी, जगन्नाथ पण्डित राज, विट्ठलनाथ, मनरंजन कवि, हरदेव, प्रवीण कवि आदि विद्वान् हुए हैं। वर्तमान में ये चन्दौसी, कोटा, गोकुल, घाटा, नाथद्वारा, मुंबई, मण्डालिया, जयपुर, अहमदाबाद, माण्डवी, पोरबन्दर, जूनागढ़, राजकोट, जामनगर, जामजोधपुर, माण्डवी, चित्रकूट में रहते हैं। त्रिग्रह अवटंक के लोग मथुरा, कोटा, उदयपुर में हैं। इनके मूल पुरुष रामचन्द्र दीक्षित हैं। ये विट्ठलनाथजी के आश्रय में आकर गोकुल रहे। ये शुद्धाद्वैत सम्प्रदाय के अनुगत हैं। इस वंश में हरिहर दीक्षित, लालू भट्टजी, बलदेवजी आदि विद्वान हुए हैं। अवटंक करम्भा के मूल पुरुष रामकृष्ण भट्ट थे। अधिकांशतः यह वर्ग उपाध्याय वृत्ति से जीविका प्राप्त है। ये लोग नाथद्वारा, अहमदाबाद, वडोदरा में रह रहे हैं। इस वंश में कुछ लोग मठपति नाम से भी जाने जाते हैं। इनमें चिन्तामणि, श्रीनाथ, गोपीनाथ, लक्ष्मण भट्ट आदि संस्कृत के विद्वान रहे। इनके कुलदेवता चतुर्भुज स्वरूप हैं।

लोहित गोत्र – इस गोत्र में तीन प्रवर हैं – वैश्वामित्र, दैवरात, औद्दलेति। इनका कृष्ण यजुर्वेद है, व शाखा तैत्तिरीय आपस्तम्ब है। इनका निकास अहोबल मठ से हुआ है। तामिलनाडू और आन्ध्रप्रदेश की सीमा पर स्थित है। इनके पूर्वज दक्षिण से चल कर सिरोंज व सागर में आकर बसे। यह वंश रामानुज सम्प्रदाय को मानता है। इनके मूल पुरुष लक्ष्मणाचार्यजी वर्तमान पीढ़ी से आठवीं पीढ़ी ऊपर हैं। मूल ग्राम इनका प्रथुतर कहा जाता है। इन्हें कावेरी तट पर श्री लक्ष्मण बालाजी की मूर्ति प्राप्त हुई थी। यह वंश सत्रहवीं शताब्दी में दक्षिण से आकर जयपुर, मथुरा, धौलपुर, नरवर, सिरोंज व सागर में बस गया। इन्हें शिष्य परम्परा प्राप्त है। पौराणिक विद्वत्ता की विशेषता रही है। लक्ष्मणाचार्य, रंगनाथजी, विट्ठलनाथजी, यदुनाथजी, श्रीनिवासाचार्य आदि समर्थ विद्वान इस वंश में हुए हैं। इनके कुलदेवता लक्ष्मीनारायण हैं।

हरतस गोत्र – इनके तीन प्रवर हैं–आंगिरस, अम्बरीष और यौवनाश्व। कृष्ण यजुर्वेद है और शाखा तैत्तिरीय आपस्तम्ब है। इस गोत्र में

21.	चिम्मनलाल गोस्वामी	--	गोरखपुर	कल्याण कल्पतरु (अंग्रेजी संपादक)
22.	प्रो. हृषीकेश शर्मा	--	वर्धा	राष्ट्रभाषा (तेलगु-हिन्दी पाठ्य पुस्तक)
23.	गोपालशर्मा		कांकरोली-दिल्ली	हिन्दी शब्दकोष के निर्माता
24.	प्रो. कण्ठमणि शास्त्री	1956 सं.	कांकरोली	कांकरोली का इतिहास [illegible]
25.	प. लक्ष्मीकिशोर तैलंग	1973 ई.	कानपुर	फुटकर काव्य, बारहमासा
26.	बालकृष्णदेव तैलंग	--	टीकमगढ़	समस्यापुर्ति आदि
27.	डा. भालचन्द्र तैलंग	--	बाँदा	पद्ममाकर शोध सं. (रामरसायन की टीका)
28.	नूतनकुमार तैलंग	--	भोपाल	अंग्रेजी कविताएँ
29.	रत्नगर्भ तैलंग (देर कवि)	--	कानपुर	साँझी, फुटकर लेख रोटी सतसई
30.	प्रो. भास्कर तैलंग	--	होशंगाबाद	हाईकू काव्य संग्रह
31.	श्री हरिकृष्ण तैलंग	1934	भोपाल	बाल कविता के प्रसिद्ध कवि
32.	कलानाथ शास्त्री	1936	जयपुर	भारतीय संस्कृति संस्कृति के वातायन
33.	श्रीमती माधुरी शास्त्री	--	जयपुर	बाल कहानियाँ
34.	श्रीमती शकुन्तला तैलंग	--	जयपुर	शकुन की 21 कविताएँ
35.	शंकरराव तैलंग (गिरीश)	--	रेवई	फुटकर काव्य रचनाएँ
36.	कृष्णकान्त तैलंग	--	जबलपुर	बाल साहित्य लघु कथाएँ, बालगीत
37.	ज्ञानदेव	--	टीकमगढ़	औरछा के राजगुरु वंश में दोनों बन्धु साहित्यिक
38.	कपिलदेव	--	टीकमगढ़	रुचि के थे। और बुन्देली भाषा में कविता करते थे।
39.	रामकृष्ण तैलंग (शिक्षा शास्त्री)	--	कानपुर	कानपुर का इतिहास आदि
40.	बागरोदी बलदेव शर्मा 'सत्य'	--	नाथद्वारा	पुष्टिरसाल, आरती स्वरूप
41.	पण्डितराज जगन्नाथ	1590-1685	दिल्ली-काशी	गंगालहरी
42.	बालकृष्ण राव तैलंग	--	रेवई-जयपुर	भारतीय संस्कृति एवं पर्यटन
43.	गदाधर भट्ट	1930	झालावाड़	काव्य वैभवम्, हमारे पुरोधा
44.	अन्यान्य			

तैलंग जाति के प्रसिद्ध पुरुष (साहित्यिक परिचय)

1. लालकवि श्री गोरेलाल (मुद्गल गोत्र) – आपका जन्म 1658 में हुआ। इनका समय 1707 तक रहा। ये दग्धा के थे। इनके पूर्वजों को रानी दुर्गावती के समय (1478 ई.) राज्याश्रय मिला था। लालकवि को छत्रसाल (1671–1731) ने छः गाँव दिये थे। जिनके कारण इनका वंश छभैया कहलाया था। दग्धा में जन्में कवि ने छत्रसाल की लोहागढ़ विजय का वर्णन छत्र प्रकाश काव्य ग्रन्थ में किया। दोहा, चौपाई, छन्द का प्रयोग करते हुए कवि ने ब्रजभाषा के साहित्यिक रूप का सफल प्रयोग किया है। इतिहास और काव्य दोनों दृष्टियों से इनकी रचना सफल मानी जाती है। लाल कवि के अन्य ग्रन्थ हैं – छत्र प्रशस्ति, छत्रछाया, छत्र कीर्ति, छत्र प्रकाश प्रकाशित है। शेष अप्राप्य है। (सन्दर्भ हिन्दी साहित्य कोष ज्ञान मण्डल, 1986 पृष्ठ 550) महाकवि लाल तक का वंश विवरण गतांक से आगे इस प्रकार है। इनके चार पुत्र हुए। लोकनाथ, बैजनाथ, रमानाथ, विश्वनाथ।

टिप्पणी – उक्त लालकवि को कवि वंश मानना चाहिए। लाल कवि के एक पुत्र लोकनाथ जी भी संभवतः कवि थे।

2. श्री लोकनाथ जी (मुद्गल गोत्र) – इनका जन्म सं. 1735 के लगभग हुआ। ये दग्धा निवासी थे। सूचना – साहित्यिक इतिहास में इनका उल्लेख नहीं मिलता है। किन्तु हमारे संग्रह में एक तैलंग भट्ट परिषद, जहॉनाबाद में उपलब्ध विवरण के अनुसार लालकवि दग्धा तथा अन्य श्री शिवनाथजी उनकी पत्नी श्रीमती परमा देवी तथा गंगाधर शास्त्री का परिचय मिलता है। उसे यथावत दिया जा रहा है। ज्ञात होता है कि यह उक्त परिषद की कोई पत्रिका का गतांक से अगला अंक है। यह पत्रिका संभवतः हस्तलिखित रही होगी।

3. श्री शिवनाथ जी (मुद्गल गोत्र) – ये महान कवि थे। पवई (दग्धा) के पास उनकी वैद्यगी खूब चलती थी। इन्होंने सैकड़ों को आरोग्य प्रदान किया और द्रव्योपार्जन किया। कुछ दिनों बाद अनेक कारणों से दग्धा छोड़कर आप काशी में शिवराजघाट पर जा बसे।

4. श्रीमती परमादेवी (मुद्गल गोत्र) – आप श्री शिवनाथ जी की पत्नी थी। श्याम सखी के नाम से कविताएँ लिखती थी। ये विदुषी तथा हरि भक्त थी। इन्होंने कविताएँ एवं भजन लिखे हैं। इनके लेखन का समय 1940 ई. के मध्य का रहा।

5. श्री गंगाधर शास्त्री (मुद्गल गोत्र) – इनका विद्यमान काल 1897 सं. था। ये दग्धा के निवासी थे। ये न्याय–वेदान्त–मीमांसा–ज्योतिष आदि विषयों में परम निपुण थे। ये बहुधा नाथद्वारा में रहते थे। विद्यार्थियों को व्याकरण, न्याय आदि पढ़ाते थे। कई गोस्वामी लोग इनके शिष्य थे। इनके बनाए हुए ग्रंथों के नाम इस प्रकार हैं। 1. (अस्पष्ट) 2. शेखर टीका पर भाष्य 3. उप सर्गीथ (निश्चय) श्री सुबोधनी टीका 4. प्रक्रिया गंगाधर लिखित 5. गंगाधर बोधिनी 6. वेणुगीत की सुबोधिनी छाया 7. गोपेश्वर कृत भक्तिरत्न प्रभा (श्री गंगाधर लिखित), 8. भारत तरंगणी गीता उपोद्घात 9. वाक् सुधा टीका 10. गोविन्द सुधा के अधिकारी 11.प्रश्नावली

टिप्पणी – उक्त सूची में विद्वन् मण्डन गोस्वामी विट्ठलनाथ कृत प्रसिद्ध है जिसे स्वर्णाक्षरों में इन्होंने प्रतिलिपि की है। सभी ग्रन्थ अप्राप्य है। (तैलंग भट्ट परिषद के पुराने प्रपत्र 1900–40)

6. श्री विहारीलाल भट्ट (भारद्वाज गोत्र) 1989 ई. बिजावर (बुन्देल खण्ड)– परम्परागत कवि श्रेणी में प्रतिष्ठित श्री भट्टजी का जन्म कविवंश में हुआ था। इनके पितामह भी कवि थे। काव्य गुरु श्री हनुमान प्रसाद को इन्होंने अपना गुरु बनाया। बिजावर नरेश सवाई महाराजा भगवंत सिंह ने इनकी काव्य प्रतिभा का सम्मान करते हुए इन्हें राजकवि नियुक्त किया था। तत्कालीन अन्य राजाओं ने भी इनको सम्मान दिया। सन् 1937 में प्रकाशित इनका ग्रन्थ

साहित्य सागर रीति साहित्य में महत्वपूर्ण माना जाता है। इस ग्रन्थ में विषय सम्बन्धी नवीनता नहीं है, तथापि नायिका भेद का वास्तविक तत्व आध्यात्म के रूप में मानकर तत्वद् विवेचन किया है। साहित्य सागर दो भागों में है। यह दो हजार छन्दों में और 600 पृष्ठों का है। ये आचार्य कवियों में माने गये है। इनकी ब्रजभाषा में यत्र-तत्र बुन्देल खण्ड के स्थानीय शब्द भी हैं। (सन्दर्भ- हि. सा. को.-2 ज्ञा.1986 पृ. 387, 625)

7. श्री गोपकवि (गौतम गोत्र) 1716 ई. औरछा (टीकमगढ़) – गोप कवि औरछा महाराज पृथ्वीसिंह देव के आश्रित थे। वहाँ के आराध्य रामराजा के भक्त थे। इसीलिए इनके तीन रीति ग्रंथों के नाम है - रामअलंकार, रामचन्द्र भूषण, रामचन्द्राभरण राम पर है। इन्होंने अपने ग्रंथों में रामजीवन सम्बन्धी उदाहरण दिये हैं। कवि ने अपने जीवन परियच में पूर्वज नन्दनाथ दीक्षित भट्ट तथा पिता का नाम जदुनाथ कवि बतलाया है। हिन्दी के साहित्य समीक्षकों के अनुसार गोपकवि द्वारा दी हुई अलंकार की परिभाषा को बहुत स्पष्ट व सार्थक मानना चाहिए। इन्होंने रीति ग्रन्थों में दोहा, छन्द का प्रयोग करते समय ऊपर की पंक्ति में लक्षण और नीचे रामचन्द्र परिवार सम्बन्धि उदाहरण दिये है। इनकी कविता सोद्देश्य प्रधान तथा भक्तिपूर्ण ब्रजभाषा में है। (हि. सा. को. -2 ज्ञान पृ 146-47)

8. श्री माधव कवि (गौतम गोत्र) सन् 1746 औरछा (टीकमगढ़) – इनके जीवन तथा काव्य पर विस्तृत सूचना अप्राप्त है। सन् 1930 सितम्बर में कानपुर के सुकवि में धूलभरे हीरे नामक स्तम्भ के अन्तर्गत एक लेख छपा था-महाकवि माधवजी। यह पत्रिका पूर्णत: कविता की थी और एक प्रकार से ब्रिटिश सत्ता की विरोधी थी। महाकवि माधव लेख के द्वारा लेखक पं. जयकृष्णदेव तैलंग बी.ए. ने प्राय: विस्मृत महाकवि की काव्य चर्चा उठाई थी। इनके अनुसार इस कवि का ग्रन्थ माधवाब्धि था। माधव कवि औरछा के देव वंश के थे। इस लेख से ज्ञात होता है कि महाकवि की 1764 ई. में विद्यमानता थी।

9. श्री करनकवि भट्ट (1738) पन्ना (म. प्र.) – इनका विवरण बहुत कम मिलता है। इनकी एक रचना बिहारीसतसई की टीका साहित्य चन्द्रिका है। ये पन्ना नरेश राजा सभासिंह हृदयसाहि के द्वारा सम्मानित कवि थे। सम्भवत: रानी दुर्गावती के समय में या इनसे पूर्व भी इनके पूर्वज तैलंग भट्ट परिवारों को गाँव बाँटें गये थे। (1587-91) उनमें इनका कुटुम्ब रहा होगा। बिहारी की सतसई की रचना 1662 ई. में मानी जाती है। इस ग्रन्थ की पहली टीका 1662 में दूसरी 1680 में और तीसरी अनवर चन्द्रिका के नाम से 1714 में बनी। इनकी टीका 1738 में चौथी या पांचवी मानी जाती है। भट्टजी ने साहित्य चन्द्रिका में अन्य टीकाकारों की कमियों को दूर किया। इनके विषय में तथा वंश परिचय के बारे में पूर्ण विवरण अप्राप्य है। पन्ना के लोग सम्भवत: इन पर प्रकाश डाल सकते है। भट्ट जी ने बिहारी का अर्थ देकर उत्तरवर्ती टीकाकारों का बड़ा हित किया। (हि. सा. कोष 2 ज्ञा. 1986 पृ. 69 व 612)

10. श्री कुमारमणि भट्ट (श्रीवत्स गोत्र) 1665 ई. दतिया-सागर-गोकुल – रानी दुर्गावती ने कुमारमणि के पूर्वजों को कई गांव दिये थे। इनके पिता श्री हरि वल्लभ संस्कृत और ब्रजभाषा के विद्वान् कवि थे। गाथा सप्तसतीकार गोवर्धनाचार्य जी इनके पूर्वज थे। दतिया में इनका वंश प्रतिष्ठित था। इन्होंने तीन ग्रंथ लिखे-रसिक रंजन, सप्तसती तथा रसिक रसाल। इनके बारे में रामचन्द्र शुक्ल ने लिखा था -कुमार मणि भट्ट -इनका कुछ वृत्त ज्ञात नहीं है। (हि. सा. इ. पृ 279) तत् पश्चात् कण्ठमणिजी ने रसिक रसाल का संस्करण विद्या विभाग कांकरोली से निकाला। इनकी पुस्तक नागरी प्रचारणी सभी की खोज रिपोर्ट में स्थान पा चुकी थी। इनके रीति निरूपण की सबसे बड़ी विशेषता है - स्पष्ट सरल भाषा में रीति का विवेचन करना। यह उनकी काव्य कौशल व प्रौढ़ता का परिचायक है। ये रीति युग के श्रेष्ठ कवियों में से है। इनकी अन्य विशेषता है कि वात्सल्यरस को इन्होंने दसवें रस के रूप में प्रतिष्ठा देने का सफल

प्रयास किया। इन्हें डा. नगेन्द्र के इतिहास में रूप विधानानुसार मुक्तक काव्यकारों में माना गया है।

11. श्रीकृष्ण भट्ट काव्यकला निधि (गौतम गोत्र) 1968–1743 ई. बूंदी, जयपुर – इनकी विषय सामग्री भी पूर्णतः उपलब्ध नहीं है। ये बूंदी नरेश महाराव बुद्धसिंह के आश्रय में रहे और फिर वहाँ से महाराजा जयसिंह (1699–1747) के आग्रह पर जयपुर में बस गये। जयसिंह जी ने सम्मान, गाँव व उपाधि काव्यकलानिधि इन्हें दी। ये मन्त्र शास्त्र के ज्ञाता थे। संस्कृत काव्य रचना में भी निपुण थे। इन्होंने ब्रजभाषा में सांभर युद्ध लिखा जो 1734 ई. में सैय्यद भाईयों एवं महाराजा जयसिंह के मध्य हुआ था। इनके अन्य ग्रंथ है जाजय युद्ध, बहादुर विजय, जयसिंह गुण सरिता इनके ग्रंथों की सराहना की गई है। इसमें इतिहास पक्ष सटीक है। श्रीकृष्ण भट्टजी संस्कृत काव्य रचना के कुशल रचनाकार थे।

12. श्रीकृष्ण भट्ट देवऋषि (गौतम गोत्र) 1712 ई. (विन्दवती) – डा. नगेन्द्र ने बतलाया है कि विन्दवती के राजा बुद्ध सिंह की आज्ञा से इन्होंने शृंगाररस माधुरी लिखा। इनके अन्य ग्रंथ है अलंकार कलानिधि तथा रसतरंगणी। इनमें श्रृंगार का विवेचन, सविस्तार वर्णन किया है। श्रृंगार रस माधुरी में रीतिशास्त्र का विवेचन मधुर पदावली में किया गया है। भट्टजी काव्य के साथ संस्कृत के भी विद्वान् थे।

13. श्री मोहनलाल भट्ट (आत्रेय गोत्र) 1750 ई. बाँदा–पन्ना–जयपुर–नागपुर– भट्टजी पद्माकर के पिता थे। आप हिन्दी–संस्कृत के विद्वान थे। मध्ययुगीन परम्परा के अनुसार आप राज्याश्रयों के अधीन रहे, तथा उनका प्रशस्ति वर्णन छन्दों में किया। इन्हें कविराज शिरोमणि की उपाधि मिली थी। पन्ना के राजा हिन्दूपति ने इनकी कविताओं पर प्रसन्न होकर कुछ गाँव भेंट किये थे। नागपुर के अप्पा साहब रघुनाथ राव के यहाँ भी इनका सम्मान हुआ था। इनका वंश कवीश्वर वंश कहलाता है।

14. श्री पद्माकर भट्ट (आत्रेय गोत्र) 1753–1833 – इनका जन्म बाँदा में हुआ तथा देहान्त कानपुर में हुआ। ये उच्चकोटि के कवि तथा तुलसीदासजी के समान भाषा की विविधता के निदर्शक माने गये। इन्हें अपार लोकप्रियता मिली। पद्माकर जी को पन्ना नरेश ने अपना गुरु बनाया और कई गाँव भेंट किये। ये सुगरा के नीनेसिंह के मंत्र गुरु थे। इनकी दीक्षा मथुरा में हुई थी। बाँदा के अनूप गिरी गोसांई उपनाम हिम्मत बहादुर के सम्मान में हिम्मत बहादुर गिरदावली लिखी। उदयपुर के महाराणा भीमसिंह के आदेश पर गणगौर मेला पर रचना करके इन्हें अपार धन मिला था। ये कई नरेशों के आश्रय में भी रहे। इनको सम्मान, जागीरें खूब प्राप्त हई। ये ठाटबाट के साथ पालकी एवं हाथी की सवारी करते थे। बाँदा में इनका पारिवारिक मन्दिर था। इनके द्वारा लिखित रामरसायन का सम्पादन डा. भालचन्द तैलंग ने किया। इनके रचें ग्रन्थ हैं – पद्माभरण, जगद्विनोद, प्रबोध पचासा आदि। गंगालहरी इनकी अन्तिम रचना कानपुर प्रवास में 1827–33 के मध्य हुई। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने इनकी भाषा की लाक्षणिकता तथा लोकप्रियता की सराहना की है।

15. श्री रामनेत तैलंग (भारद्वाज गोत्र) – टीकमगढ़ 1904 के लगभग वीरसिंह देव चरित्र केशवदास की प्रसिद्ध रचना का सम्पादन करके औरछा नरेश की तरफ से छपवाया। इनका उल्लेख मिश्र बन्धुओं ने साहित्य कोष में किया है। इनका सम्पादन कौशल तथा टीका में निपुणता इनकी रचनाओं में लक्षित है। कोषकार्य की टिप्पणी से प्रकट होता है कि बुन्देली भाषा के शब्दों के अर्थ और 1684 छन्दों की व्याख्या इनकी महत्वपूर्ण देन है।

16. पं. पीताम्बर तैलंग कवीश्वर (भारद्वाज गोत्र) 1965 ई. टीकमगढ़ – ये राजकवि थे। इन्हें पुराने कवियों, सवैया, घनाक्षरी के टकसाली छन्द उन्हें कण्ठस्थ थे। इन्हें राजा की ओर से माफी की जमीन दीगोड़ा में मिली थी। इनकी कविताएँ कानपुर के सुकवि मासिक पत्रिका में छपी है। इनका कोई पुत्र

नहीं था। इनके दामाद कण्ठमणि शास्त्री थे।

17. श्री रमानाथ शास्त्री (गौतम गोत्र) सं. 1936–2000 नाथद्वारा – पुष्टिमार्ग व सम्प्रदाय के सिद्धान्त पक्ष की व्याख्या के लिये हिन्दी साहित्य में इनका उल्लेख है। आप सनातन धर्म तथा पुष्टिमार्ग के उत्कृष्ट व्याख्याता एवं विद्वान् थे। ये देवर्षि परिवार के थे। देवर्षियों के विषय में बताया जाता है कि महाप्रभुजी ने अड़ैल प्रयाग में अपना आश्रम बनाया। और कई सजातीय व्यक्तियों को वहाँ बसाया। उस समय तैलंग जातीय समुदाय का निवास देवरिखिया नामक गाँव कहलाता था। (कांका. इति. पृ 53) देवर्षि परिवार वैदुष्य, शास्त्रज्ञान, संस्कृत व काव्य साहित्य रचना व प्रशासनिक कार्यों में निपुण रहा है। जाति में ये ख्याति प्राप्त है। इनके प्रकाशित ग्रन्थों में सुबोधिनी हिन्दी टीका, अध्यात्म योग, श्रीमद् भागवत गीता, शुद्धाद्वैत सिद्धान्त(तीन भाग में) शुद्धाद्वैत वर्णन व प्राक्ट्य वार्ता आदि हैं।

18. श्री ब्रजनाथ शास्त्री (गौतम गोत्र) नाथद्वारा–जयपुर – आप रमानाथ जी के पुत्र है। इन्होंने हिन्दी में कई ग्रंथ लिखे हैं। अंग्रेजी में वल्लभाचार्यजी की जीवनी लिखी है। इनका श्रीमद्वल्लभाचार्यजी और उनके सिद्धान्त हिन्दी का महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इसमें अंग्रेजी में सिद्धान्त चर्चा है। उक्त ग्रंथ सं. 1984 में वैलनाटीय विद्या समिति, बम्बई की ओर से छपा है।

19. भट्ट मथुरानाथ शास्त्री (गौतम गोत्र) – महाराजा संस्कृत कॉलेज में संस्कृत साहित्य के प्राचार्य रहे। इनकी संस्कृत साहित्य रचना का विशाल भण्डार है। इनकी सर्व प्रसिद्ध रचना जयपुर वैभवम् है। कई पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित हुए है। इन्होंने संस्कृत पत्र–पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया। साहित्य की सभी विधाएँ आपसे अछूती नहीं है। आप कलानाथ शास्त्री के पिता थे। आप देवर्षि कुल के स्वनाम धन्य व्यक्ति थे।

20. श्री कमलाकर 'कमल' (गुरुजी) (आत्रेय गोत्र) जयपुर – रीति कालीन प्रसिद्ध कवि पद्माकर के वंशज है। इनका जीवन कर्मठ व सादगी पूर्ण रहा। आत्रेय गोत्र में ये कवीश्वर वंश के थे। इनकी साहित्य साधना व अध्यापन कार्य सर्वोच्च शिखर पर रहा। हिन्दी साहित्य का अध्यापन कार्य इनकी कर्मठता का द्योतक रहा है। अपने जीवन काल में इन्होंने लगभग 75 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित किया। ये ब्रजभाषा व खड़ी बोली के कवि थे। प्रताप बावनी, उद्धव शतक, अष्टदल इनके काव्य ग्रंथ हैं। कवि महाकाव्य इनका अप्रकाशित ग्रंथ है।

21. श्री चिम्मनलाल गोस्वामी (गौतम गोत्र) 1937 ई. बीकानेर–गोरखपुर– 1937 में नन्ददुलारे बाजपेयी गोरखपुर के गीता प्रेस में रामचरित मानस के शुद्ध पाठ तथा टीका के कार्य हेतु प्रवृत्त हुए थे। उसी कार्य हेतु बीकानेर से श्री चिम्मनलाल गोस्वामी उनके सहयोगी हुए। कल्याण ने जब अंग्रेजी में संस्कृत के शब्दों का अंग्रेजी अनुवाद–सम्पादन कराया तब गोस्वामी जी ने उसका भार अपने ऊपर लिया तथा जीवन पर्यन्त वे कल्याण कल्पतरु अंग्रेजी के सम्पादक रहे। वे सन्त स्वभाव के निरहंकारी भक्त हृदय थे। कल्याण के प्रचार–प्रसार में उनकी निपुणता के कारण उनका बड़ा सम्मान था। वे निष्ठावान वैष्णव, गृहस्थ सन्त थे। गीतादि धर्म ग्रंथों की अंग्रेजी में सटीक टिप्पणी तथा शब्द चयन की सर्वत्र प्रशंसा होती थी।

22. श्री हृषीकेश शर्मा (श्रीवत्स गोत्र) 1900 ई. वर्धा–नागपुर – महात्मा गांधी ने 1936 ई. में वर्धा हिन्दी नगर में प्रसिद्ध संस्था राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा की स्थापना हिन्दी को राष्ट्रभाषा पद देने हेतु गठित की थी। उसके अन्तर्गत तेलगु क्षेत्र में हिन्दी प्रचार के लिये श्रीहृषीकेश शर्मा को नियुक्त किया गया था। हिन्दी–तेलगू की पाठ्य पुस्तके, हिन्दी की परीक्षाएँ, राष्ट्रभाषा के विविध प्रकाशनों का कार्य श्रीशर्मा जी के संचालन में होता था। वे

आजीवन हिन्दी सेवा में संलग्न गांधीवादी निष्ठावान व्यक्ति थे। राष्ट्रभाषा के प्रचार में इनका योगदान प्रसिद्ध है।

23. श्रीगोपाल शर्मा (श्रीवत्स गोत्र) – आप हृषिकेश शर्मा के अनुज थे। डा. रघुवीर के शब्दकोष के प्रमुख सहयोगी थे। तथा के. एम. मुंशी हिन्दी विद्यापीठ के निदेशक प्रधान भी रहे। हिन्दी के मानवीकरण, वर्तनी तथा पाठ्य पुस्तकों की रचना में आपका स्मरण सदैव किया जायेगा।

24. श्रीकण्ठमणि शास्त्री (श्रीवत्स गोत्र) विशारद 1956 सं. दतिया–कांकरोली– आप बालशास्त्री दतिया दरबार के दीक्षा गुरु के पुत्र थे। सम्प्रदाय और भागवत के निष्णात् प्रवचन कर्ता थे। सम्प्रदाय के तृतीय पीठ कांकरोली के पीठाधीश्वर गोस्वामी श्रीब्रजभूषणलालजी व उनके अनुज गोस्वामी विट्ठलनाथ जी के संरक्षण में सम्प्रदाय के पुराने प्रपत्रों में विद्यमान साहित्य एवं इतिहास को व्यवस्थित तथा प्रकाशित करने के लिये प्रमुख व्यवस्थापक आप ही थे। पिछले 500 वर्षों में सम्प्रदाय की जो अभिवृद्धि हुई उसका प्रभूत साहित्य पीठों के पास एकत्रित था। जिसके इतिहास की कई गांठें खुली थी। इस साहित्य में से मणियों का परख कर छांटना कौशल की अपेक्षा रखता था। क्योंकि सम्प्रदाय व भक्ति का प्रचार एक भावुक तथा आवेश पूर्ण कार्य होता है। इतिहास लेखन तो इन बोझों से मुक्त होकर ही लिखा जा सकता है। कण्ठमणिजी ने सश्रद्धा सम्यक् विचार के साथ साहित्य को खंगालकर शुद्ध विचार से विवेचन किया। और सम्प्रदाय के बहुत बड़े अभाव की पूर्ति की। इनका इतिहास बोध प्रशंसनीय है। विद्या विभाग कांकरोली की स्थापना 1928 ई. में हुई थी। आप प्रारम्भ से ही इसके संचालक थे। विद्या विभाग के दस प्रकाशन हिन्दी में आपने दिये। जिनमें कविता कुसमाकर दोभाग, परमानन्द सागर, रसिक रसाल (कुमारमणि कृत), कांकरोली का इतिहास भाग–2, प्राचीन वार्ता साहित्य 2 भाग बड़े मूल्यवान ग्रंथ है। हिन्दी साहित्य में जहाँ–जहाँ अष्टछाप के कवि सूर–परमानन्द आदि की चर्चा होती है। वहाँ कण्ठमणिजी का अभिमत अवश्य उधृत होता है। वे देशि केन्द्र नाम से कविता करते थे। इनकी कविताएँ कानपुर की सुकवि पत्रिका में छपती थी। कण्ठमणि जी की शोध परख निर्भ्रान्त भावुकता रहित बुद्धि सदैव काम करती रहती थी। इसका उदाहरण यह है – हिन्दी साहित्य के निर्माता व इतिहासकारों को तैलंग भट्ट गोस्वामी नेत आदि का भेद सही नहीं मालूम था। फलतः हमारे पूर्व कवियों के परिचय भ्रान्ति पूर्ण मिलते है। कभी–कभी अन्य कारणों से भी त्रुटि भद्दीभूल हो जाती है। बाबूश्याम सुन्दर दास के हिन्दी शब्द सागर में महाप्रभुजी के परिचय में लिखा था " इनके पिता का पता नही" कण्ठमणिजी ने इसको इंगित किया तब बाबूश्यामसुन्दर दास ने 6अप्रेल 1928 के पत्र द्वारा इस भद्दीभूल को स्वीकार किया। साहित्य और सम्प्रदाय को उनका यह अवदान अमरत्व प्रदान करता है।

25. पं. लक्ष्मीकिशोर तैलंग (कौंडिन्य गोत्र) कानपुर – आप मूलतः कोड़ा, जहानाबाद, जिला–फतेहपुर (उ.प्र.) के थे। 1926 में कानपुर आकर आपने ज्योतिष, कर्मकाण्ड, पुराण, प्रवचन आदि से बड़ी ख्याति पायी। काशी से ज्योर्तिभूषण, कर्मकाण्ड व विशारद की उपाधियाँ भी प्राप्त की। आप किशोर उपनाम से काव्य रचना करते थे। और कवि सम्मेलनों का सभापतित्व भी करते थे। ज्योतिष तथा कर्मकाण्ड पर इन्होंने कई पुस्तकें लिखी। इनकी पत्नी कण्ठमणि जी की बहन थी। वे संस्कृत में वार्ता कर सकती थी। आप अखिल भारतीय संस्कृत सम्मेलन कानपुर के आयोजकों में से थे। तथा सुप्रसिद्ध कवि भट्ट मथुरानाथजी एवं विद्वान पं. गिरधर शर्मा चतुर्वेदी जब कानपुर पधारे थे तब उनकी उपस्थिति में विद्वत् सम्मेलन आपके संयोजकत्व में हुआ था। इन्होंने 108 श्रीमद् भागवत् परायण किये। इन्होंने अपने यौवनकाल में तैलंग भट्ट परिषद नामक संस्था कोडा, जहानाबाद में गठित की थी। इन्होंने जातीय भेदभाव समाप्त करने का वास्तविक उद्योग किया था।

26. श्री बालकृष्णदेव तैलंग 'प्रेम' (श्रीवत्स गोत्र) 1930 ई. टीकमगढ़ – औरछा को संवत् 1588 में राजधानी बनाने के पूर्व सं. 1547 में महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्य जी ने औरछा की यात्रा की थी। इस यात्रा में उन्होंने तान्त्रिक हठयोगी **"धट सरस्वती"** को नतमस्तक किया। तब राजा ने महाप्रभुजी से निवेदन किया कि वे उनके मंत्र गुरु बने। महाप्रभुजी ने कहा कि आपके यहाँ पहले से विद्यमान पं. विद्यादेवजी तैलंग जो हमारे सजातीय है। उन्हें मेरे समान समझें और उन्हीं से दीक्षा ले। राजा ने विद्यादेव जी को दीक्षा गुरु मान कर सम्मान व सम्पदा दी। पं. बालकृष्णदेव जी इसी राजगुरु वंश के थे। इन्होंने राजसभा को सुशोभित किया तथा तत्कालीन महाराजा सवाई वीरसिंह जू देव के विश्वास पात्र, साहित्यिक मित्र बने। सन् 1830 में श्रीवीरेन्द्र केशव साहित्य परिषद, टीकमगढ़ की स्थापना की। इनकी कार्य संचालन में बहुत उपयोगी भूमिका रही थी। सन् 1930 सितम्बर के सुकवि, कानपुर के अंक में श्रीबालकृष्ण देव **"प्रेम"** का फुल पेज चित्र छपा था। सन् 1940 में टीकमगढ़, कुण्डेश्वर से बनारसीदास चतुर्वेदीजी ने मधुकर नामक साहित्य मासिक पत्रिका का सम्पादन शुरू किया इस पत्रिका का प्रकाशन उक्त श्री वीरेन्द्र केशव साहित्य परिषद के तत्वावधान में हुआ था। महाराजा औरछेश गुण ग्राह्यी थे और बुन्देली बोली के प्रेमी थे। बालकृष्ण जी बुन्देली के मार्मिक विद्वान और कवि थे। इन्होंने फुटकर कविताएँ एवं समस्यापूर्तियाँ की। इनकी कविताएँ सुकवि पत्रिका में वरवधू, बुन्देल खण्ड वैभव नाम से छपी है।

27. डॉ. भालचन्द्र तैलंग (आत्रेय गोत्र) 1968 औरंगाबाद – महाकवि पद्माकर के वंशज डॉ. भालचन्द जी का जन्म सागर (म. प्र.) में हुआ था। महाकवि ने बाँदा के नवाब और गोसांई भाईयों से ससम्मान सम्पदा और भूमि प्राप्त की थी। बाँदा की इस भूमि पर स्थित मन्दिर पर स्थानीय लोगों ने नियन्त्रण कर लिया। अत: भालचन्दजी को इन पर मुकदमा करना पड़ा। पद्माकरजी ने कानपुर गंगातट पर देह त्याग किया था। इन्होंने पद्माकरजी के देहत्याग स्थान का पता लगाया। अब यह स्थान परिवर्तित होकर स्थानीय जेल का भाग हो गया है। पद्माकर स्मृति शोध संस्थान सागर और औरंगाबाद से भालचन्दजी ने पद्माकरजी की कई पुस्तकों के प्रामाणिक संस्करण तथा सम्पादित खण्ड निकाले। पद्माकरजी के प्रसिद्ध ग्रंथ रामरसायन के युद्ध काण्ड का पुन: प्रकाशन इन्होंने भारत–पाक युद्ध के समय निकाला था। तथा श्रीविद्याचरण शुक्ल को ससम्मान भेंट किया था। डॉ. तैलंग औरंगाबाद के कॉलेज में हिन्दी विभाग के अध्यक्ष थे तथा अन्तर्विश्वविद्यालय की गोष्ठियों में जाते रहते थे। आपने सागर में पद्माकर नगर स्थापना में अपना योगदान दिया था। इनके ज्येष्ठ पुत्र श्रीकृष्णकांत तैलंग रायपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में प्राध्यापक एवं प्राचार्य रहे हैं। इनकी पुत्री डॉ. सुषमा पी.एच.डी. है।

28. श्री नूतनकुमार तैलंग (श्रीवत्स गोत्र) भोपाल – भोपाल में प्रशासनिक पद से अधिक अपने रोचक व्यक्तित्व से प्रभावित करने वाले श्रीनूतनकुमार जी मूलत: सुकुमार भावों के कवि थे। हमीदिया कॉलेज भोपाल में प्राध्यापक तथा बाद में शिक्षा विभाग के विशेष अधिकारी तैलंग जी ने भोपाल के भारत में विलय होने तथा स्वशासन के लिये डॉ. शंकरदयाल शर्मा द्वारा संचालित जन आन्दोलन में सक्रिय भाग लिया। कानपुर के एस. डी. कॉलेज से स्नातक तथा उच्चशिक्षा के बाद उनका मन सामाजिक सरोकारों में जुड़ा। कविता उसका माध्यम बनी। इनका काव्य संग्रह भी निकला। इसकी विशेषता यह थी कि कवि ने अपने गीतों का अंग्रेजी अनुवाद स्वयं किया। इनका वंश मध्यभारत के विद्यावंत गुणी परिवारों में था। इनके पिताजी श्रीकेशव शास्त्री ने भोपाल में अपने संस्कृत ज्ञान से काफी सम्मान पाया था।

29. श्री रत्नगर्भ तैलंग "देर कवि" जहॉनाबाद–कानपुर–जयपुर – ज्योर्तिभूषण लक्ष्मीकिशोर शास्त्री के ज्येष्ठ पुत्र रत्नगर्भजी का जन्म कोड़ा,

जहानाबाद में हुआ था। कोड़ा जहानाबाद में विभिन्न स्थानों के जातीय महानुभावों का जमावड़ा रहता था। श्रीतैलंग-भट्ट परिषद नाम की संस्था भी यहाँ सक्रिय थी। यहाँ से हस्तलिखित पत्रिका भी निकलती थी। रत्नगर्भजी की अभिरुचि परिवेश से सम्प्राप्त, क्रियात्मक, कलात्मक कार्यो से प्रारम्भ हुई तथा चित्र-विचित्र वस्तुओं के संकलन करना उनका स्वभाव था। अपनी जीविका के लिये इन्होंने कामवन, कांकरोली, महापुरा, जयपुर में प्रवास किया। ज्योतिष कर्मकाण्ड और सम्प्रदाय के ग्रंथों का संकलन, विश्लेषण करने में इनकी विशेष रुचि थी। समाज के सभी वर्गों का इन्हें सम्मान प्राप्त था। सांझी कला पर इनकी विशेष रुचि थी। **"देर कवि"** उपनाम से ये कविताएँ लिखते थे। **"रोटी सतसई"** इनका महाकाव्य है। ये विनोद प्रिय भी थे।

30. प्रो. भास्कर तैलंग (भारद्वाज गोत्र) होशंगाबाद–म. प्र. – सीहोर मध्य प्रदेश के अधिवासी तैलंग परिवार के स्व. गोविन्द राव तहसीलदार के सुपुत्र आप प्राध्यापक एवं प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हैं। शासन में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर काम करते हुए इन्होंने अपना जीवन साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में अर्पित किया। आप राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक थे। इन्हें कई सम्मान प्राप्त हुए है। इनकी विख्यात कृति हाईकू छन्द में है। हिन्दी के वरिष्ठ हाईकू छन्दकारों में इनकी गणना होती है। हाईकू जापानी छन्द है। इसमें चार पंक्तियाँ होती है। चौदह शब्दों में भाव जगत् का पूरा शब्दांकन प्रस्तुत करना होता है। आपकी इसमें निपुणता रही है।

31. श्री हरिकृष्ण तैलंग (भारद्वाज गोत्र) 1934 ई. भोपाल – आप स्व. मुरलीधर तैलंग के ज्येष्ठ पुत्र है। आपकी पहचान शिक्षक के रूप में है। सरकारी सेवा से स्वैच्छिक निवृत्ति प्राप्त कर साहित्य और समाज को अपना शेष समय अर्पण कर दिया। जीवन को अनेक प्रकार के संघर्षों में आत्म सम्मान व त्याग के साथ निर्वाह करने में आप लगे रहे। आपको भारत सरकार एवं सामाजिक सम्मानों से अलंकृत किया गया है। मध्यप्रदेश साहित्य परिषद भोपाल से पद्माकर पुरस्कार 1961 ई. में मिला। भारत सरकार के समाज कल्याण मंत्रालय तथा अन्य मंत्रालयों से इन्हें अनेक पुरस्कार मिले है। बाल साहित्य सर्जन, नव साक्षर साहित्य पुरस्कार आदि से आप सम्मानित है। प्रकाशित रचनाओं में पतंग बोली, होलीका होली, अक्ल बड़ी कि लाठी, प्रगति के पहिये, अपंग जिनसे दुनियाँ दंग, कुत्तापालक कॉलोनी, संस्कृत कथाएँ, हमारा देश हमारा गाँव आदि। बाल साहित्य समीक्षा (राष्ट्रबन्धु सम्पादक) कानपुर ने सन् 1989 में श्रीहरिकृष्ण तैलंग पर पूरा विशेषांक निकाला था।

32. श्री कलानाथ शास्त्री (गौतम गोत्र) 1936 जयपुर – हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत आदि का आद्योपान्त अध्ययन, एम.ए. (अंग्रेजी), साहित्याचार्य, साहित्य रत्न आदि उपाधियाँ, विभिन्न भाषाओं और तुलनात्मक भाषाविज्ञान में अनुसंधान। राजस्थान सरकार के भाषा विभाग में उपनिदेशक, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी में भाषा सम्पादक, स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रधानाचार्य, राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभाग में निदेशक आदि पदों पर कार्य करते हुए भाषा विभाग के निदेशक पद से सेवा निवृत्त हुए है। राजस्थान संस्कृत अकादमी के अध्यक्ष, शासन हिन्दी विधायी समिति के सदस्य, भारती संस्कृत मासिक के प्रधान सम्पादक, केन्द्रिय संस्कृत बोर्ड के सदस्य के रूप में कार्यरत है। भाषा परिचय, आलोक आदि के सम्पादन, वैज्ञानिक एवं पारिभाषिक शब्दावली के संकलन तथा शासकीय शब्दावलियों, प्रारूपों, अनुवाद कला आदि पर 48 ग्रंथों द्वारा राजभाषा हिन्दी के साधना में संलग्न रहे। आपके लेख हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी में स्तरीय पत्रिकाओं में छपते रहे हैं। भारतीय संस्कृति, संस्कृति के वातायन, संस्कृत के गौरव शिखर, संस्कृत साहित्य का इतिहास, आधुनिक संस्कृत गद्य, आख्यान वल्लरी, संस्कृत नाट्य वल्लरी आदि रचनाएँ प्रमुख हैं। आकाशवाणी और दूरदर्शन आदि पर आपकी 500 से अधिक

वार्ताएँ प्रसारित हो चुकी है। राजस्थान सरकार, भारत सरकार एवं साहित्य सेवी संस्थाओं की ओर से आपको अनेक पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए है। सन् 1998 में संस्कृत वैदुष्य के लिये राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त हुआ है। 66 साहित्यिक संस्थाओं से अध्यक्ष, संरक्षक, परामर्शदाता आदि के रूप में सम्बद्ध हैं।

33. श्रीमती माधुरी शास्त्री (गौतम गोत्र) – आप श्रीकलानाथ शास्त्री की पत्नी है। इन्हें बाल साहित्य सम्मान एवं ब्रज साहित्य मण्डल, नाथद्वारा से विशेष सम्मान प्राप्त हुआ है। ब्रजभाषा काव्य में इनका योगदान है। इनकी कई कथा पुस्तकें प्रकाशित व पुरस्कृत है। लोक कथाओं के पुनर्लेखन को इन्होंने गति प्रदान की है। हृदयपक्ष इनके साहित्य में प्रमुखता से मिलता है। आप श्रीरत्नगर्भ तैलंग की ज्येष्ठ पुत्री हैं।

34. श्रीमती शकुन्तला तैलंग (मुद्गल गोत्र) – आप श्रीलक्ष्मीकिशोर तैलंग की ज्येष्ठ पुत्री हैं। आप कवियित्री थी। इनका संग्रह "मेरी इक्कीस कविताएँ" सन् 2001 में छपा था। इनकी कविताओं में देशप्रेम का भाव लक्षित होता रहा है। ये अपने विवाहित जीवन में गोगुण्डा के प्राइमरी स्कूल में भी कार्यरत रहीं। इनके पति श्रीवासुदेव शास्त्री (कामवन) थे।

35. श्री शंकरराव तैलंग "गिरीश" (गौतम गोत्र) 1950 ई. रेवई–कानपुर–बबीना – मूलत: मध्यप्रदेश के तैलंगों का प्राचीन अधिवास रेवई, अजयगढ़, पन्ना, दग्धा आदि में था। इनमें परस्पर सम्बन्ध व आत्मीयता रहती थी। रेवई के परिवारों के कुछ युवक अपने भविष्य के निर्माणार्थ बड़े नगरों की ओर गये। उनमें से श्रीशंकरराव तैलंग भी थे। श्रीशंकरराव तैलंग ने कानपुर से प्रकाशित दैनिक वीर भारत में अनेक वर्षों तक सहायक सम्पादक, सहायक प्रबन्धक एवं सर्कुलेशन मैनेजर आदि के कार्य किये। इन्होंने इस दैनिक वीर भारत पत्र को प्रसिद्ध व लोकप्रिय बनाने में कठिन परिश्रम किया था। विशेषांकों में इनका योगदान रहता था। कवि हृदय श्रीशंकररावजी ने वन्य जीवन, विन्ध्य सौंदर्य को अपनी कविताओं में आत्मसात किया है। इनकी कविताओं में प्रकृति सौंदर्य पक्ष का उल्लेख रहता था। चित्रकूट के सौन्दर्य पर इनके छन्द सुकवि पत्रिका में मई 1943 में छपे थे। हिम नन्दनी, बादल व वसन्त पर भी इनके धनाक्षरी व सवैया छन्द में प्रकाशित हुए है। इनका बहुत सा काव्य समस्यापुर्ती के रूप में भी छपा है। इनका परिवार बबीना (झांसी) उ.प्र. में रहता है। इनकी गत वर्ष में ही मृत्यु हुई है।

36. श्री कृष्णकान्त तैलंग (आत्रेय गोत्र) जबलपुर – आप बाल साहित्य रचनाओं के लिये सम्मानित किये गये हैं। इन्होंने बालगीत व लघुकथाएँ लिखी हैं।

37. श्री ज्ञानदेव तैलंग (श्रीवत्स गोत्र) टीकमगढ़, अयोध्या – आप टीकमगढ़ के राजगुरु श्रीबालकृष्णदेव तैलंग के ज्येष्ठ पुत्र थे। आप साहित्यिक अभिरुचि के थे और बुन्देली भाषा में कविता करते थे। अयोध्या में कनक भवन के मैनेजर भी रहे है। आप मृदु व सौम्य स्वभाव के थे।

38 श्री कपिल देव तैलंग (श्रीवत्स गोत्र) टीकमगढ़, भोपाल – आप श्री ज्ञानदेव तैलंग के छोटे भाई हैं। हिन्दी संस्कृत के अच्छे विद्वान हैं। भागवत् पर पूर्ण अधिकार है। साहित्यिक अभिरुचि के साहित्यकार हैं। इनके लेख कल्याण एवं अन्य पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं।

39. श्री रामकृष्ण तैलंग (कौंडिन्य गोत्र) कानपुर – शिक्षक आन्दोलन से कानपुर शहर में अपनी पहचान बना चुके डॉ. रामकृष्ण तैलंग कानपुर शहर की निशानियों को संजोने का काम कर रहे हैं। इन्होंने कानपुर का इतिहास एक सूत्र में पिरोकर भविष्य के लिये एक बड़ा काम किया है। कानपुर के साहित्य पर छपे साहित्यों के सम्पादन में इनकी अहम भूमिका रही है। फतेहपुर जिले के कोड़ा जहानाबाद में इनका जन्म 20 सितम्बर 1930 को हुआ था।

भारतीय विद्यालय इन्टर कॉलेज में इतिहास के शिक्षक और कान्यकुब्ज इन्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य के पद पर रहते हुए इन्होंने शिक्षकों के अधिकारों के लिये काफी काम किया। उनके लिये इन्होंने काफी संघर्ष भी किये हैं। इनके स्वतन्त्र लेखन में स्वतन्त्रता संग्राम, लोक दर्शन, कानपुर का इतिहास, लोकजीवन, कानपुर के प्राचीन कवि, कानपुर की काव्य परम्परा है। विभिन्न संस्थाओं जेसे अध्यक्ष पुरातत्व मित्र, उपाध्यक्ष गांधी शान्ति प्रतिष्ठान केन्द्र, ललितकला संस्थान, कानपुर बाल संघ, कानपुर हिस्ट्री सोसाईटी से आप सम्बद्ध है। आपके जीवन में गतिशीलता प्रमुखता से है।

40. बागरोदी बलदेव शर्मा 'सत्य' (आत्रेय गोत्र) – इनका जन्म सम्वत् 1969 में ग्राम–पचेवर, जिला–टोंक में हुआ था। इनका निवास अधिकांश नाथद्वारा में रहा है। इन्होंने पुष्टिमार्ग में प्रारम्भिक कला एवं साहित्य का प्रारम्भिक ज्ञान कोटा में प्राप्त किया। इन्हें बनारस से शास्त्री की उपाधि प्राप्त थी। नाथद्वारा में समाज सेवा, साहित्यिक गतिविधियाँ एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेते हुए अनेक कविताएँ रचीं। आप कवि सम्मेलनों में भी भाग लेते थे। इन्हें साहित्य वैभव का ताज, नाथद्वारा का सांस्कृतिक इतिहास एवं श्रीनाथ सेवा रसोदधि ग्रन्थों ने दिया। इस ग्रन्थ में पुष्टिमार्गीय सेवा पद्धति, उत्सव मनोरथ भावना, रागभोग, दर्शन, श्रृंगार रस आदि का सजीव वर्णन है। इन्होंने अष्टछाप कवियों के द्वारा निर्मित पदों का विवेचनात्मक वर्णन भी किया है। यह ग्रन्थ शुद्धाद्वैत दर्शन, साहित्य (ब्रजभाषा), चित्रकला, संगीत रचना आदि के सन्दर्भ पुस्तक के रूप में काफी उपयोगी है। इन्होंने पुष्टि रसाल, श्रीनाथ चिन्ह् भावना, आरती स्वरूप, सात स्वरूप भावना, विट्ठलनाथजी के वचनामृत आदि ग्रन्थों का निर्माण किया। इन्हें श्रीमद्भागवत पूर्णत: कण्ठस्थ थी। राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी द्वारा इन्हें प्रशस्ति पत्र भी दिया गया है।

41. पण्डितराज जगन्नाथ (कश्यप गोत्र) 1590–1665 ई. काशी – आप संस्कृत भाषा के साहित्य निर्माताओं में माने जाते है। साहित्येतर तथा इनके विख्यात होने के तीन कारण कहे गये है। 1. इन्हें दिल्ली के बादशाह शाहजहाँ ने अपने पुत्र दाराशिकोह को संस्कृत पढ़ाने के लिए दिल्ली में सम्मान दिया। 2. दिल्ली प्रवास में किसी मुस्लिम तनवंगी के प्रति उत्कट प्रेम को प्रचारित ही नहीं किया वरन् जातीय विरोधियों यथा अप्पय दीक्षित जैसे साहित्य महारथी जो प्रसिद्ध ग्रंथ कुवलियानन्द के रचयिता थे को खूब फटकारा। 3. जगन्नाथ जी तंत्र–मंत्र, आयुर्वेद में भी निपुण थे। इसके लिये उन्हें सोने से तोला गया। यह सौभाग्य तैलंग जाति में महाप्रभुजी के बाद इन्हें ही मिला है। इसमें इन्हें और लाल खाँ नामक संगीतज्ञ को तैतालिस हजार स्वर्ण मुद्राएँ मिली। जगन्नाथ जी कुछ समय महाराज जयसिंह के यहाँ जयपुर भी रहे थे। कुछ समय मथुरा, वृन्दावन में बिताकर गंगातट काशी में दिवंगत हुए। साहित्य शूर पण्डितराज का संस्कृत साहित्य में ऊँचा स्थान है। उन्होंने अपनी मौलिकता की रस गंगाधर में स्वनिर्मित श्लोकों द्वारा अलंकारों, रसों के उदाहरण देकर उच्छिष्ट प्रयोग से स्वाभिमान की रक्षा की। (सं. सा. इ. पृ 361) पण्डितराज की 17 रचनाओं में से गंङ्गालहरी के बीसो अनुवाद हिन्दी ग्रंथों में उपलब्ध है। मराठी साहित्य में भी उनका यथेष्ठ प्रभाव था। विट्ठलनाथ भट्ट ने जो जगन्नाथ जी के भाई थे सं. 1729 में सम्प्रदाय कल्पद्रुम ग्रंथ लिखा। इसमें उल्लेख मिलता है कि पण्डितराज के परामर्श से राजा जयसिंह ने जयपुर, मथुरा, काशी, उज्जैन, दिल्ली में वेधशालाएँ बनवाई थी।

42. श्री बालकृष्ण राव (गौतम गोत्र) 1933 रेवई, कानपुर, जयपुर – आपका जन्म 7 अप्रेल 1933 को रेवई ग्राम में हुआ था। आप रेवई ग्राम के भूतपूर्व सदर माफीदार स्व. श्री नारायणराव के ज्येष्ठ पुत्र हैं। इनके पूर्वज साहित्य प्रेमी व कवि थे। प्रारम्भिक जीवन इनका कानपुर में व्यतीत हुआ। इनका कार्यक्षेत्र प्रमुखत: कानपुर व जयपुर रहा है। आप कार्य के प्रति लगनशील एवं समर्पण भावना से पूरित रहे हैं। श्रीराव कर्मठ एवं साहित्यिक अभिरुचि के धनी

है। इनका सम्बन्ध कानपुर के बाल संघ एवं जयपुर के गुरु श्रीकमलाकर तैलंग द्वारा संचालित साहित्य सदावर्त, जयपुर से रहा है। ये इन संस्थाओं के परीक्षायोजक रहे है। इन्हें नाट्यालंकार, साहित्य रत्नाकर की उपाधियाँ प्राप्त हैं। शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर में शासन सहायक सचिव के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद लेखन कार्य में दत्त-चित्त हो गये। इन्होंने लगभग 17 ग्रंथों की रचना की है। जिनमें प्रमुख हैं – भारतीय संस्कृति का सन्दर्भ कोष, भारतीय संस्कृति के सोपान, हमारे देवता, श्रीमद्भागवत अनुशीलन, राजस्थान में भ्रमण, अपने समय के चर्चित व्यक्तित्व एवं फिल्म निर्माण के कारक तत्व है।

43. श्री गदाधर भट्ट (आत्रेय गोत्र) 1930 झालावाड़ – भारतीय संस्कृति और धर्म के प्रणेता श्री गदाधरजी को साहित्य संस्कार अपने पितामह श्रीरणछोड़जी तथा पिता श्रीगिरधारी शर्मा (कविकिंकर) से प्राप्त हुए। आप हिन्दी व संस्कृत में एम. ए. है। राजस्थान शिक्षा विभाग में प्राध्यापक से लेकर प्रधानाचार्य, शिक्षाधिकार के रूप में शिक्षा की यात्रा पूरी की है। सेवानिवृत्ति के बाद स्वतन्त्र लेखन में प्रवृत्त हो गये। इनका विषय वैदिक साहित्य रहा है। हिन्दी, संस्कृत, ब्रजभाषा पर इन्हें समान अधिकार प्राप्त है। ये सामाजिक, शैक्षणिक, साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े हुए है। इनकी प्रकाशित रचनाएँ 14 है। कुछ रचनाएँ अभी प्रकाशनाधीन भी है। इन्हें स्थानीय, राज्यस्तरीय तथा राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए है। ये विभिन्न संस्थाओं के सदस्य एवं संरक्षक भी रहे है।

तैलंग–भट्ट जाति का यह गर्व है कि इसने साहित्य, काव्य, ज्योतिष, तंत्र–मंत्र, चित्रकार, प्रशासन, न्याय, संगीत आदि विभिन्न क्षेत्रों में एक से एक धुरन्धर विद्वान् कलाकार उत्पन्न किये है। ये मूर्धन्य अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ पूर्व काल में भी रहे और वर्तमान काल में भी है। पूर्वकाल में श्रीनारायण भट्ट, रामकृष्ण आदि प्रभृति विद्वान् हो चुके है। वर्तमान काल में श्री गणेशप्रसाद भट्ट (मुख्य न्यायाधीश) जबलपुर हाईकोर्ट, श्रीकृष्णानन्द तैलंग (जिलाधीश–शिवपुरी), गंगाधर राव (सेक्रेटरी–टेम्पल बोर्ड नाथद्वारा), गोपाल शर्मा (निदेशक–राजभाषा), चित्रकारों में प्रेमचन्द गोस्वामी, रंजन गौतम, राधावल्लभ गौतम तथा संगीत के क्षेत्र में श्री लक्ष्मणभट्ट तैलंग, डॉ. मधुभट्ट तैलंग, चन्द्रकला भट्ट, गोविन्दलाल जी, जसकरण गोस्वामी तथा विश्वमोहन भट्ट है। इनके अलावा साहित्य के क्षेत्र में डॉ. सुषमा तैलंग (जयपुर), रमेश तैलंग (दिल्ली), ब्रजेन्द्र रेही (दिल्ली), रेही गोपाल कृष्ण भट्ट "आकुल" (कोटा) जैसे सार्थक विद्वान् कार्यरत है। प्रशासनिक अधिकारियों में श्रीजगदीश शर्मा (IAS), हेमन्त शेष (RAS), विनय गोस्वामी (न्यायाधीश) आदि महारथी है।

हमारे कुलदेवता – कुलदेवी

अपने–अपने वंश परिवार में कुल पूर्वजों द्वारा जो भी देवी–देवता पूजित होते आ रहे है, उन आराध्यों की पूजा–अर्चना अवश्य करना चाहिए। इससे वंश, कुलाचार तथा मर्यादा की रक्षा होती है। वंश नष्ट नहीं होता है–सुख, शान्ति, ऐश्वर्य की ही प्राप्ति होती है। जाति में जिन कुलों का कुलदेवता–कुलदेवी के बारे में ज्ञान प्राप्त हो सका उनका विवरण निम्नलिखित है –

1. महापुरा के गोस्वामी शाक्त मत के है। कुल देवी त्रिपुर सुन्दरी है। इनके कुलदेवता लक्ष्मीनारायणजी है। जब यज्ञोपवित–विवाह आदि होते है। तभी कुल देवता आते है। शाखा आंकडें की डाली है और हर अवसर पर सोने की पातडी बनाई जाती है।

2. छभैया (षड्भातृ) श्रीगोकुलचन्द जी के सुपुत्र श्रीरामचन्द्रजी का कथन है कि उनकी कुलदेवी अवन्तिका जी है। ये अनूपगढ़ खुर्जा के पास में है। इनके कुलदेवता लक्ष्मीनारायणजी है। शाखा आम की है। साल में एक बार नागपंचमी के दिन ये अपने कुलदेवता की पूजा करते है।

3. कंरजी (मथुरास्थों) के वर्ष में चार बार कुलदेवी की पूजा होती है। कुलदेवी पद्मावती है जो आन्ध्रप्रदेश में तिरूपति बालाजी के निकट अवस्थित है। कोड़ा–जहानाबाद–कानपुर वालों के कुलदेवता श्रीचतुर्भजदेव है तथा इनकी कुलदेवी कात्यायनी देवी है। इनकी नित्य अर्चना होती है। विवाह यज्ञोपवीत के अवसर पर कंरज की शाखा तथा चित्र पूजन होता है एवं तवापूड़ी तथा सेव के 21 लड्डूओं का भोग लगता है।

4. श्रीवत्स गोत्र की कुलदेवी एक वीरा भीलनी है। इनकी आम की शाखा का पूजन होता है। स्वर्ण की ताली बनती है। चने का शाग व तवापूड़ी का भोग लगता है। इनके यहाँ अपरस का पूरा ध्यान रखा जाता है।

5. देवर्षि भट्ट जयपुर वालों के यहाँ प्रधान दवे हयग्रीवजी है। हयग्रीव भगवान का स्थान आसाम में गौहाटी से 55 कि. मी. दूर हाजो नामक स्थान पर है। इनके यहाँ चित्र का पूजन होता है। स्वर्ण की ताली रखी जाती है। होली के दूसरे दिन विशेष पूजा होती है। दिनभर व्रत रखकर रात को पूजा आरती करके प्रसाद दिया जाता है। तवापूड़ी, बथुवा, साबूत मूंग की दाल और दहीभात का भोग लगता है।

6. आत्रेय कविश्वर की कुलदेवी पद्मादेवी है। विवाह–यज्ञोपवीत के अवसर पर इनका पूजन होता है। शाखा आम की है तथा स्वर्ण की ताली बनती है।

7. बिलहरा, भोपाल, सागर में भारद्वाज नेत के लोगों के यहाँ स्वर्ण की तारी बनती है, आम की शाखा का प्रयोग करते है एवं स्वस्ति पूजन होता है।

8. गौतम गोत्र सिमरी रेवई वालों के कुलदेवता चतुर्भुज ही है। शाखा आंकड़े की है तथा कुलदेवता के लिए सेव के सोलह लड्डूओं का भोग लगता है। सोने की ताली चतुर्भज स्वरूप बनायी जाती है।

9. कश्यप गोत्र में कुलदेवता चतुर्भज स्वरूप है। विवाह यज्ञोपवीत के अवसर पर सफेद आंकड़े की शाखा रखी जाती है, एवं स्वर्ण की ताली चतुर्भुज स्वरूप होती है। कुलदेवता को सेव के 16 लड्डूओं एवं मठडी का भोग आता है।

10. लोहित गोत्र के कुलदेवता श्रीलक्ष्मीनारायणजी है।

11. आत्रेय गोत्र के अन्तर्गत बागरोदी परिवार के कुलदेवता चतुर्भज जी है। अशोक वृक्ष की शाखा रखी जाती है। स्वर्ण की ताली बनाई जाती है।



नोट : वंशवृक्ष में दर्शाए गये सभी नाम हम सब के लिये सम्माननीय है। अतः सभी नामों के आगे "श्री" लगाकर नाम पढ़ा जाए।


कर्मचन्द (भाऊलाल)
(पिछले पृष्ठ से आगे)
गोत्र–भारद्वाज–नेत
त्रिप्रवर–आंगिरस, गार्हस्पत्य, भारद्वा
वेद–कृष्ण यजुर्वेद/ऋग्वेद
शाकल आश्वलायन शाखा
गोविन्द (नारायणजी)
जुगल किशोर
जनार्दन
रामाराव
मनोहर राव
मदनराव
मुरलीधर
भोलानाथ
विश्वम्भर
प्रकाश
हरिहरराव
श्यामसुन्दर
नीरज (पन्ना)
प्रवर
आनन्द राव
(अजयगढ़)
अजय
हर्ष
जयकृष्ण
(पन्ना)
नितिन
अमर
दिनेश
रमेश
सुरेश
विकास
राजेश
श्रीधर (दिगम्बर)
अनिल
सुनील
दीपक
अमित
(मौसम)
मीतेश
सुमित
मोहित
यश
प्रणय
सुभाग
कृष्णा
उपेन्द्र
सुरेन्द्र (भोपाल)
राजेन्द्र
प्रदीप
प्रभात
(भोपाल)
प्रताप
सौरभ
(भोपाल)
राजीव
संजीव
मुकेश
संदीप
सुदीप
क्षितिज
अंकुर
आयुष
अंकित
राजीव
मयंक
कृष्णा


गोत्र–भारद्वाज–नेत
त्रिप्रवर–आंगिरस, गार्हस्पत्य, भारद्वाज
वेद–कृष्ण यजुर्वेद/ऋग्वेद
शाकल आश्वलायन शाखा
मुरलीधर (कवीश्वर)
गिरधर जी
गंगाधर
कलाधर
भूधर
महीधर
रमाधर (पीताम्बर)
(टीकमगढ़)
चम्पालाल (चित्रकूट)
कोदंडधर (छन्नूजी)
(गौरहार–बांदा)
श्रीधर (श्रीकृष्ण)
? इनके पूर्वज का नाम अप्राप्य है।
दिनकर
नाथूराम
मंचलजी
बिहारीलाल
बलभद्र
गोविन्द
गोवर्धन
मदन
ब्रजगोविंद
खुन्नी जी
भूमिश्रवा
मोहनजी
ब्रजलाल
चक्रपाणि
मारवनजी
शंकरजी
गोपालजी
कन्हैयालाल
बंशीधर
गिरधारीलाल (जबलपुर)
बालकृष्ण
बालगोविन्द
रघुनन्दन
सर्वसुख
तिन्नू
मन्नू
छन्नू
गिरधारी (कांकरोली)
दुर्गाशंकर
उमाशंकर
रमाकान्त
गोकुल
हरीकृष्ण
हलधर
(चकरया)
कन्हैयालाल
द्वारकानाथ
चैतन्य
संजय
अनुराग
अभिषेक
दामोदर
हरगोविन्द
(कोटा)
कृष्णकान्त
निखिल
अंशुमान
सात्विक
लोकेश
राकेश


गोत्र–भारद्वाज–नेत
त्रिप्रवर–आंगिरस, गार्हस्पत्य, भारद्
वेद–कृष्ण यजुर्वेद/ऋग्वेद
शाकल आश्वलायन शाख
नन्दकिशोर → जुगल किशोर
ललूजी
पद्माकर
(पृष्ठ सं. 61 पर देखें)
कल्याण
वासुदेव
बलभद्र
भूधर
जनार्दन
पृष्ठ सं. 59 पर देखें।
पुरुषोत्तम
गणेश
श्रीगोपाल → जनार्दन
काशीनाथ
विश्वनाथ
शंकर
चन्द्रशेखर
सदाशिव
नलिनीकां
पुरुषोत्तम
लक्ष्मण
संतोष(दुर्गा)
राजीव
शरद
विनोद
सुशील
वसंत
सुबोध
सूर्यकुमार
(मुंबई)
आशुतोष
परितोष
अमित
आशीष
मोहित
अखिल
(भोपाल)
उत्सव
अर्थ
खुश
अनुराग
अपूर्व
स्वतन्त्र (जबलपुर)
प्रशान्त (सागर)
प्रमोद
(भोपाल)
पर्व
शौर्य
जितेन्द्र
शैलेन्द्र
प्रतीक
प्रियंक
प्रणय
बब्बू
मृदुल


नन्दकिशोर → जुगलकिशोर → लल्लूजी → जनार्दन (पृष्ठ सं. 58 से आगे)
गोत्र–भारद्वाज–नेत
त्रिप्रवर–आंगिरस, गार्हस्पत्य, भारद्वाज
वेद–कृष्ण यजुर्वेद/ऋग्वेद
शाकल आश्वलायन शाखा
विश्वनाथ
त्र्यम्बकजी
नारायण
लक्ष्मीनाथ
बालमुकुन्द
(अगले पृष्ठ पर देखें)
व्रजलाल
जगदीश
जगन्नाथ
रामचन्द्र
रामचन्द्र
हरिभाऊ
बालकृष्ण
गोपीकृष्ण
पद्मनाभ (भोपाल)
उपेन्द्र
मुरलीधर
माधव
गोविन्द
रामभाऊ
प्रभाकर
सुधाकर
अशोक
विनोद
विजय
हरिकृष्ण
सुरेन्द्र
देवेन्द्र
रविन्द्र
सौरभ
स्वप्निल
अमित
आशीष
कुशाग्र
श्रेय
श्लोक
अभिनव
सुधांशु
शीतांशु
आशीष
अमीत
आकाश
अक्षत
पर्व
अभिज्ञान
तनय
दर्शित
राजीव
रूपेश
नीलाभ
दीपाभ
रूपाभ
अंतरिक्ष
जयताम
सृजन
शौर्य
जनमेजय
मुन्ना
मनोहर
महेन्द्र
नरेन्द्र
भास्कर (होशंगाबाद)
दिनकर (भोपाल)
गंगाधर
गोपाल
मन्ना
राजेन्द्र
विकल्प
पंकज
तन्मय
निर्भय
चिन्मय
अमित (मुंबई)
कुणाल (जयपुर)
प्रणय
क्षितिज
(नीरज)
उत्कर्ष
निष्कर्ष
प्रगल्भ
सोमित्र
मोनी


नन्दकिशोर → जुगलकिशोर → लल्लूजी → जनार्दन → विश्वनाथ
जगन्नाथ
गोत्र–भारद्वाज–नेत
त्रिप्रवर–आंगिरस, गार्हस्पत्य, भारद्
वेद–कृष्ण यजुर्वेद/ऋग्वे
शाकल आश्वलायन शार
नारायण
(पिछले पृष्ठ पर देखें)
लक्ष्मीनाथ
(पिछले पृष्ठ पर देखें)
बालमुकुन्द
रामचन्द्र
(पृष्ठ सं. 59 से आगे)
ब्रजरत्न (दुर्ग)
कृष्णकान्त (जबलपुर)
चन्द्रकान्त
दीपक
प्रकाश
प्रमोद
आनन्द
संजय
कृष्णमूर्ति
स्वतन्त्र
संदीप
जयदीप
रत्नदीप
वंश
मेहुल
राहुल
सुयश
तपन
सपन
गीत
संगीत



गोत्र–भारद्वाज–नेत

त्रिप्रवर–आंगिरस, गार्हस्पत्य, भारद्वाज

वेद–कृष्ण यजुर्वेद/ऋग्वेद

शाकल आश्वलायन शाखा


विद्यागुरु दीक्षित लाल
वेणी माधव
गोत्र–भारद्वाज–नेत
त्रिप्रवर–आंगिरस, गार्हस्पत्य, भारद्वाज
वेद–कृष्ण यजुर्वेद/ऋग्वेद
शाकल आश्वलायन शाखा
भूधरजी
हरीशंकर
छीतर जी
हलधर जी
(अगले पृष्ठ पर देखें)
जगन्नाथजी
गूजरजी
बच्चूराम
गोपीनाथ
गोविन्द कृष्ण
मन्नूजी
छीगनलाल
रेवतीनाथ
रणछोडजी
द्वारकानाथ
बालमुकुन्द
वामनजी
मुरलीधर
बंशीधर
वृन्दावन
मदन (बस्सी, जयपुर)
फूलजी
गुलाब चन्द
बिहारीलाल
घनश्याम
राधेश्याम
रामचन्द्र
कृष्णचन्द्र
गोपाल
गोकुलेश
रमेश
मुरारीलाल
श्याम सुन्दर
मथुरेश
द्वारकेश
अरविन्द
रवीन्द्र
संजय
विजय
राजीव लोचन
विनय
योगेश
प्रवीण
विनायक
वनिज
तनिष्क
अनन्त
श्रीकान्त
बंशीधर
लक्ष्मीकान्त
अदित
रोहित
घनिष्ठ


विद्यागुरु दीक्षित लाल
वेणी माधव
गोत्र–भारद्वाज–नेत
त्रिप्रवर–आंगिरस, गार्हस्पत्य, भारद्वाज
वेद–कृष्ण यजुर्वेद/ऋग्वेद
शाकल आश्वलायन शारवा
भूधरजी
(पिछले पृष्ठ पर देखें)
छीतर जी
(पिछले पृष्ठ पर देखें)
हलधर जी
(पिछले पृष्ठ से आगे)
बच्चू जी
व्रजनाथ
लक्ष्मणजी
(अगले पृष्ठ पर देखें)
गोकुलेश
मथुरेश
वेंकटेश
रमेश
श्रीनाथ
श्रीकृष्ण .
ललनजी
नन्दकिशोर
हलधर
(मथुरा)
श्रीधर
वेणीधर
गोवर्धन
(मथुरा)
गिरिराज
कृष्ण मुरारी
आनन्द बिहारी
(मथुरा)
ब्रज बिहारी
(मथुरा)
बांके बिहारी
(मुंबई)
अवध बिहारी
(जयपुर)
पुरुषोत्तम
वल्लभ
दामोदर
गिरधारी
मथुरेश
(बीकानेर)
द्वारकेश
(मथुरा)
श्रीकांत
राकेश
रजनीश
दीपक
शलभ
संजय
राजेश
अतुल
अभिषेक
सोनू
पुनीत
अमित
कृष्ण कन्हैया
गिरवर
(स. माधोपुर)
कलाधर
महेन्द्र
विद्यांश
शिवांश.
मनीष
सुधीर
कैलाश
(फरीदाबाद)
रमेश
ब्रजेश
सुभाष
देवन्द्र
सत्येन्द्र
राजेन्द्र
आदित्य
पर्व
स्वयं
क्षितिज
शौर्य
रत्नेश
(दिल्ली)
एकलव्य
मधुर
अंकुर
तनुज
(भवानी मण्डी)
संजीव
राजीव
आदेश
विश्वास
परिवेश
संजय
कृष्णा
गर्वित (जयपुर)


गोत्र–भारद्वाज–नेत
त्रिप्रवर–आंगिरस, गार्हस्पत्य, भारद्वाज
वेद–कृष्ण यजुर्वेद/ऋग्वेद
शाकल आश्वलायन शारवा
विद्यागुरु दीक्षित लाल
वेणी माधव
भूधरजी
(पृष्ठ 58 पर देखें)
छीतर जी
(पृष्ठ 58 पर देखें)
हलधर जी
बच्चू जी
(पिछले पृष्ठ पर देखें)
व्रजनाथ
(पिछले पृष्ठ पर देखें)
लक्ष्मणजी (पृष्ठ सं. 63 से आगे)
द्वारकेश
मुन्नाजी
बलदेव
विट्ठलेश
छोटेलाल
रामचन्द्र
दामोदर
श्रीवल्लभ (बरेली)
बालमुकुन्द
माधवजी
लक्ष्मीनारायण
मथुरानाथ
ब्रजवल्लभ
नन्दकुमार
सदर्शनजी
(जयपुर)
आनन्दलाल
मनोहर (जयपुर)
सूरज
चंदा
अशोक
अरुण
आनन्द
कृष्णकुमार
संजय
अक्षय
अभिषेक
उत्कर्ष
निष्कर्ष
सार
अनिल
सुनील
विमल
विनय
कमल
यथार्थ
श्रेष्ठ
श्रेयस
नीरज
आशीष
शुभम
प्रांजल
अक्षत
शाश्वत
श्यामल
दर्शन


मंडन कवि
गोत्र–भारद्वाज–वाजपेयी
त्रिप्रवर–आंगिरस, गार्हस्पत्य, भारद्वाज
वेद–कृष्ण यजुर्वेद/ऋग्वेद
शाकल आश्वलायन शाखा
जयगोविन्द → कल्याणराव → हरगोविन्द → मौक्तिकमाल
पुरुषोत्तम
लीलाधर
गिरधारी
जयगोविन्द
रामेश्वर
यज्ञेश्वर
लल्लन
बटन
कल्याण
देवकीनंदन
नंदन
मंजन
दामोदर
गोपीजनवल्लभ
श्रीराम
देवनारायण
छुट्टनजी
नवनीतलाल
नरहरिजी
रामभाऊ
गोविन्द (दतिया)
शेखर
ऋषिकेश
केशव
देवव्रत
शालिगराम
उद्धवजी
गोकुलेश
वासुदेव
बालकृष्ण
हरीकृष्ण
रामकृष्ण
देवकीनन्दन
गजानन
विजय
शरद
अनिल
वैभव
भुवनेश
प्रशांत
सुलभ
बालमुकुन्द
श्यामसुन्दर
श्रीकृष्ण
संकर्षण
लक्ष्मीपति
भगवंत
लोकेश्वर
(अगले पृष्ठ पर देखें)
卐
रूक्मणी वल्लभ
राधालाल
गोकुल जी
रघुनन्दन
भगवानजी
गोकुलेश


लोकेश्वर जी (पिछले पृष्ठ से आगे) 卐
गोत्र--भारद्वाज--वाजपेयी
त्रिप्रवर-आंगिरस, गार्हस्पत्य, भारद्वाज
वेद--कृष्ण यजुर्वेद/ऋग्वेद
शाकल आश्वलायन शाखा
पुरुषोत्तम
हलधर
विनायक राव
हरिवल्लभ
कुन्जबिहारी
लक्ष्मण राव
गोविन्द
मुकुन्द
श्याम
वासुदेव
दामोदर
सेनापति (चंदन)
जगमोहन (जयपुर)
मोहन (दिल्ली)
शक्तिकुमार (दिल्ली)
विनोद (दिल्ली)
अरविन्द
अनिल
अरुण
मन्नू
अपूर्व
श्रेय
पुनीत
अमित
प्रदीप
अनुपम
पंकज
अशोक
माधव
आयुष
अक्षत
अंशुल
उपेन्द्र (बीकानेर)
बालकृष्ण (दिल्ली)
गोपाल
रवीन्द्र (दिल्ली)
जोगेन्द्र (बीकानेर)
भूपेन्द्र (जयपुर)
तोलेश्वर (बीकानेर)
शरद
दीपक
गौरव (पूना)
नितेश
ऋषभ
आदित्य
शौर्य
बल्लभ


वैंकटेशजी → समर पुंगव दीक्षित → श्रीतिरुम्मल दीक्षित → श्री निकेतन
गोत्र–आत्रेय–द्राविडा–गोस्वामी
त्रिप्रवर–आर्चनानस, आत्रेय, शावास्य
वेद–कृष्ण यजुर्वेद
तैत्तिरीय आपस्तम्ब शाखा
श्री निवास → जगन्निवास
शिरोमणिजी (शिवानन्द)
जनार्दनजी
चक्रपाणिजी
श्रीनिकेतन
विद्यानिवास
लक्ष्मीनिवास
राधारमण (बीकानेर)
रमारमण (महापुरा) (पृष्ठ सं. 73 पर देखें)
श्रीनिवास
जगन्निवास
अनिरुद्ध
सदासुख (पृष्ठ सं. 68 पर देखें)
परमसुख (पृष्ठ सं. 72 पर देखें)
नवनीतलाल
श्रीकृष्ण
छोटेलाल
प्यारेलाल
गिरधरलाल
हीरानन्द
गोविन्द
व्रजगोविन्द
महालाल
हरगोविन्द
मल्लारीजी
विनायक
जीवनजी
तनसुख (बीकानेर)
जानकीनाथ
अंबादत्त
करुणानंद
रामकृष्ण
लडैतीलाल
धनजी
दुर्गादत्त
देवीदत्त
मुरलीधर
लक्षपति
सुखविलास (बीकानेर)
गोत्र–आत्रेय
कालीचरण
(बीबीपुर–कानपुर)
रामेश्वर
विश्वेश्वर
बालकृष्ण
रामगोपाल
रामकृष्ण
रामकुमार (छिन्दवाड़ा)
अरुण
(चित्रकूट)
नीरज
पंकज
केशू
आर्यमन


सदासुख (पृष्ठ सं. 67 से आगे)
卐卐
गोत्र–आत्रेय–द्राविडा–गोस्वामी
त्रिप्रवर–आर्चनानस, आत्रेय, शावास्य
वेद–कृष्ण यजुर्वेद
तैत्तिरीय आपस्तम्ब शाखा
गणेशजी
गोपीनाथ
रंगजी
चक्रपाणि
मिष्ठलाल
